चैत्र नवरात्रि एवं हिंदू नववर्ष की शुभकामनाएं

दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 119 जयपुर, मंगलवार, 09 अप्रैल, 2024 | चैत्र, शुक्ल पक्ष- प्रतिपदा, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00





### प्रथम देवी शैलपुत्री

**चैत्र** नवरात्रि बुधवार से आरम्भ हो रही है। मान्यता के अनुसार मां दुर्गा पहले स्वरूप में 'शैलपुत्री' के नाम से जानी जाती हैं। आदि शक्ति ने अपने इस रूप में शैलपुत्र हिमालय के घर जन्म लिया था। इसी कारण इनका नाम शैलपुत्री पड़ा। शैलपुत्री नंदी नाम के वृषभ पर सवार होती हैं और इनके दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल का पुष्प है।

**देवी शैलपुत्री का प्रिय पुष्प : गुड़हल।**

**देवी शैलपुत्री नैवेद्य : शुद्ध घी।**

### घट स्थापना मुहूर्त

इस बार चैत्र नवरात्रि पर घट स्थापना के दो शुभ मुहूर्त बन रहे हैं। इस दिन घटस्थापना का मुहूर्त सुबह 6 बजकर 11 मिनट से लेकर सुबह 10 बजकर 23 मिनट तक रहेगा। इसके बाद अभिजीत मुहूर्त में भी घटस्थापना कर सकते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार नवरात्रि में देवी दुर्गा की पूजा के साथ ही मंत्र जप और ध्यान करने से नकारात्मकता दूर होती है, मन को शांति मिलती है। इन दिनों में छोटी-छोटी कन्याओं को भोजन भी कराया जाता है। भोजन के बाद कन्याओं का पूजन किया जाता है।

**वायुसेना ने दिखाई ताकत:** करीब तीन किमी लंबी है भारत-पाक बॉर्डर के नजदीक बनी यह इमरजेंसी एयर स्ट्रिप

# हाईवे पर उतरे तेजस, जगुआर और सुखोई-30 लड़ाकू विमान

**बेधड़क** | जयपुर

भारत-पाकिस्तान सीमा से करीब 40 किलोमीटर दूर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-925ए पर सोमवार को भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमान उतरे। सांचौर-बाड़मेर जिले से सटे अगड़वा से गुजर रहे इस राष्ट्रीय राजमार्ग पर बनी आपातकालीन लैंडिंग फील्ड पर सबसे पहले लडाकू विमान तेजस को टच एंड गो किया गया। इसके बाद तेजस उतरा। इसके बाद लड़ाकू विमान जगुआर और फिर सुखोई-30 सहित अन्य विमान उतारे गए। दोपहर में सी-295 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट और एंटोनोव एन-32 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट उतरा। यह विमान 55 डिग्री सेल्सियस तापमान में भी उतर सकता है। पश्चिमी सीमा पर गर्मी के मौसम में तापमान 50 डिग्री सेल्सियस या इससे अधिक तक पहुंच जाता है। हवाई पट्टी पर लडाकू विमानों को उतारने के अभ्यास के दौरान राजमार्ग पर यातायात पूरी तरह से बंद किया गया था। हवाई पट्टी को वायुसेना के हवाले किया गया है।



**पाक सीमा से करीब 40 किमी दूर हुई टेस्टिंग**

### आपातकालीन परिस्थितियों में हवाई पट्टी का उपयोग

वायुसेना युद्ध और अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में इस हवाई पट्टी का उपयोग कर सकेगी। यह हवाई पट्टी करीब तीन किमी लंबी और 33 मीटर चौड़ी है। इसके निर्माण में 33.92 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। यह हवाई पट्टी 19 महीने में बनकर तैयार हुई थी। सोमवार को लडाकू विमानों के हवाई पट्टी पर उतारने को लेकर किए गए अभ्यास के लिए तीन दिन पहले से वायुसेना के अधिकारी और जवान यहां जमे हुए थे।

### सितंबर, 2021 में हुआ था उद्घाटन

भारत-पाकिस्तान बॉर्डर के नजदीक बनी यह इमरजेंसी एयर स्ट्रिप करीब तीन किलोमीटर लंबी है। भारतमाला परियोजना के तहत हाईवे पर बनी एयर स्ट्रिप का 9 सितंबर, 2021 को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने उद्घाटन किया था। इस दौरान पहले ट्रायल में दो हेलिकॉप्टर की लैंडिंग करवाई गई थी। सैन्य सूत्रों के अनुसार सोमवार को विमानों की लैंडिंग का परीक्षण करने के लिए एयर स्ट्रिप पर 25 गुणा 65 वर्गमीटर का एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) केबिन भी बनाया गया।



**लोकसभा चुनाव 2024**

**प्रथम चरण के चुनाव प्रचार में दिखने लगी रंगत**

# कांग्रेस-बीजेपी ने झोंकी ताकत, 11 को आएंगे मोदी

- पीएम अब तक प्रदेश में कर चुके हैं तीन सभाएं
- 11 को ही राहुल गांधी की भी होंगी दो जनसभा

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में लोकसभा चुनाव-2024 के पहले चरण में चुनाव प्रचार को लेकर दोनों ही प्रमुख पार्टियों कांग्रेस और बीजेपी ने पूरी ताकत झोंक दी है। दोनों ही दलों की ओर से प्रस्तावित स्टार प्रचारकों ने चुनाव प्रचार की कमान संभाल ली है। भाजपा के स्टार प्रचारकों की सूची में सबसे ऊपर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी है। पीएम अब तक प्रदेश में तीन सभाएं कर चुके हैं। इस सप्ताह उनकी दो सभाएं और एक रोड शो प्रस्तावित है।

वहीं, दूसरी ओर कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी चुनाव प्रचार के लिए पहली बार राजस्थान आ रहे हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार पीएम मोदी करौली-बाड़मेर में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में सभा कर सकते हैं और दौसा में रोड शो कर सकते हैं। दौसा में पीएम मोदी का प्रदेश में पहला चुनावी रोड शो होगा।

सूत्रों के अनुसार 11 और 12 अप्रैल को पीएम मोदी का फिर से राजस्थान आने का कार्यक्रम है। पीएम 11 अप्रैल को करौली धौलपुर संसदीय क्षेत्र में महा विजय संकल्प सभा को संबोधित करेंगे। इसको लेकर बीजेपी ने तैयारियां युद्ध स्तर पर शुरू कर दी है। मोदी का 12 को बाड़मेर और दौसा में कार्यक्रम प्रस्तावित है। पीएम अब तक कोटपूतली, चूरू और पुष्कर में सभाएं कर चुके हैं।



### BJP में मोदी सहित कुल 40 स्टार प्रचारक

भाजपा में स्टार प्रचारकों की सूची में पीएम नरेंद्र मोदी सहित कुल 40 नाम हैं। इसमें से 26 नेता राजस्थान के हैं, जबकि 4 अन्य पड़ोसी राज्य के मुख्यमंत्री हैं और एक पूर्व मुख्यमंत्री हैं। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी का नाम शामिल है। इसी प्रकार जिन चार राज्यों के मुख्यमंत्रियों को राजस्थान का स्टार प्रचारक बनाया गया है, उनमें सबसे पहला नाम उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का है। उनके बाद उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का नाम लिस्ट में शामिल है। इनके अलावा हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर भी इस बार प्रदेश में प्रचार करने के लिए आने वाले हैं।

### फलौदी-अनूपगढ़ में राहुल की पहली जनसभा 11 अप्रैल को

जयपुर में चुनाव घोषणाओं को लेकर न्याय पत्र 2024 जारी करने के बाद कांग्रेस ने नेताओं के चुनावी दौरे के कार्यक्रम तय करना शुरू कर दिया है। केंद्रीय नेताओं में राहुल गांधी का 11 अप्रैल का दौरा तय किया गया है। राहुल अनूपगढ़ और फलौदी में चुनावी सभाएं कर करीब पांच लोकसभाओं के मतदाताओं को साधने का प्रयास करेंगे। राहुल अनूपगढ़ की चुनावी सभा से श्रीगंगानगर और बीकानेर तथा फलौदी की सभा से जोधपुर, बाड़मेर, पाली लोकसभा क्षेत्रों को लेकर फोकस करेंगे।

### कांग्रेस में प्रियंका गांधी, जिग्नेश मेवाणी व कन्हैया की डिमांड

प्रदेश में पहले चरण में 12 लोकसभा क्षेत्रों में 19 अप्रैल को चुनाव होना है। कांग्रेस में स्टार प्रचारक के रूप में राहुल गांधी के अलावा प्रियंका गांधी, जिग्नेश मेवानी व कन्हैया कुमार की डिमांड ज्यादा है। हालांकि पार्टी की ओर से पहले चरण की सीटों पर प्रियंका के दौरे तय करना मुश्किल हो रहा है। प्रदेश में प्रियंका की डिमांड ज्यादा है, लेकिन वे अन्य राज्यों में व्यस्तता के चलते अभी समय नहीं दे पा रही है। ऐसे में उनके दूसरे चरण में दौरे ज्यादा होंगे। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और जिग्नेश मेवानी, कन्हैया कुमार से भी समय मांगा गया है। कांग्रेस के स्टार प्रचारकों की लिस्ट में मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, सुखजिंदर सिंह रंधावा सहित कुल 40 स्टार प्रचारक तय किए गए हैं।

**बांसवाड़ा-डूंगरपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस ने 'बाप' को दिया समर्थन**

# अब वागड़ में BAP से होगा बीजेपी का कड़ा मुकाबला!

**बेधड़क** | जयपुर

बांसवाड़ा-डूंगरपुर लोकसभा सीट पर आखिरकार कांग्रेस का भारतीय आदिवासी पार्टी (बाप) के साथ चुनावी समझौता हो गया है। कांग्रेस ने बांसवाड़ा-डूंगरपुर सीट बाप के प्रत्याशी राजकुमार रोत के लिए छोड़ दी है। साथ ही बागीदौरा विधानसभा सीट पर हो रहे उप चुनाव में भी कांग्रेस बाप के प्रत्याशी जयकृष्ण पटेल को समर्थन देगी। हालांकि लोकसभा व विधानसभा सीट पर पूर्व में कांग्रेस की ओर से घोषित प्रत्याशियों ने मैदान में हटने से इनकार कर दिया है।

कांग्रेस ने अरविंद डामोर को बांसवाड़ा-डूंगरपुर व कपूर सिंह को बागीदौरा विधानसभा सीट पर प्रत्याशी घोषित किया था। इनमें से डामोर को पार्टी ने सिंबल दे दिया और कपूर सिंह को सिंबल नहीं दिया गया था। सोमवार को कांग्रेस के नेता दोनों से संपर्क करने का प्रयास करते रहे, लेकिन दोनों नहीं मिले और उनके मोबाइल बंद थे। सोमवार शाम को कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने डामोर और कपूर सिंह को पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया। इस बीच सोमवार दोपहर जिला निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी, जिसमें डामोर व कपूर सिंह को कांग्रेस का प्रत्याशी बताया गया है।

### डोटासरा ने डामोर और कपूर को पार्टी से छह साल के लिए किया निष्कासित



### कांग्रेस ने 25 में से तीन सीट गठबंधन दलों के लिए छोड़ी

डूंगरपुर-बांसवाड़ा और बागीदौरा में समझौता होने के बाद बाप अन्य सीटों पर अपने प्रत्याशियों से कांग्रेस के अधिकृत उम्मीदवारों को समर्थन दिलवाएगी। भाजपा ने डूंगरपुर-बांसवाड़ा सीट से प्रदेश के पूर्व मंत्री महेंद्र मालवीय को टिकट दिया है। कांग्रेस ने प्रदेश की 25 में से तीन सीट गठबंधन में शामिल दलों के लिए छोड़ी है। इनमें नागौर सीट राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के हनुमान बेनीवाल, सीकर माकपा के अमराराम एवं डूंगरपुर-बांसवाड़ा सीट बाप के राजकुमार रोत के लिए छोड़ी गई है।

**हनुमानगढ़ के सांगरिया में जनसभा में बोले नड्डा...**

# कांग्रेस तुष्टीकरण की राजनीति पर आमादा



**बेधड़क** | जयपुर

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को हनुमानगढ़ के सांगरिया में रैली की। इसमें नड्डा ने कहा कि पीएम मोदी ने राजनीति की परिभाषा और संस्कृति बदल दी, आज विकासवाद की राजनीति हो रही है। उन्होंने कहा कि जनता ने कांग्रेस को बार-बार नकारा है, लेकिन इसके बावजूद कांग्रेस तुष्टीकरण की राजनीति करने पर आमादा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का मेनिफेस्टो देखकर आश्चर्य हुआ कि यह कांग्रेस का मेनिफेस्टो है या मुस्लिम लीग का? देश को बांटने और सत्ता हथियाने के लिए कहां तक कांग्रेस पार्टी जा सकती है, इसका अंदाजा नहीं लगाया जा सकता। उन्होंने कहा कि जिस मुस्लिम लीग ने 1929 में धर्म के आधार पर आरक्षण की बात कही थी, आज कांग्रेस उसी बात को दोहरा रही है।

**जरूरी खबर**

### 25 सीटों पर अब 266 प्रत्याशी चुनाव मैदान में

**जयपुर।** प्रदेश में सभी 25 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए अब प्रत्याशियों की तस्वीर साफ हो गई है। प्रदेश में 266 प्रत्याशी मुकाबले में हैं। इनमें 247 पुरुष और 19 महिला प्रत्याशी हैं। पहले चरण में मतदान वाले 12 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 114 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इनमें 102 पुरुष और 12 महिलाएं शामिल हैं। दूसरे चरण वाले 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 152 प्रत्याशी मुकाबले में हैं। इनमें 145 पुरुष एवं 7 महिलाएं शामिल हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि सर्वाधिक 18 प्रत्याशी चित्तौड़गढ़ लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हैं, वहीं सबसे कम 4 प्रत्याशी करौली-धौलपुर में हैं।

**ये भी देखें...**



नागपुर में सोमवार को आयोजित 'सेल्फ रियलाइजेशन विद विनायक' में युवाओं का लगा तांता।

पेज-3

**जयपुर में आईपीएल मैचों के टिकटों की हो रही कालाबाजारी**

# 25 हजार में खरीदा पास...स्टेडियम के रूफटॉप पर बैठकर लगा रहे थे सट्टा

- ज्योति नगर थाना पुलिस ने टिकट बेचने व अवैध रूप से एंट्री कराने के खिलाफ मामला किया दर्ज
- मैच के दौरान आंखों देखा हाल देकर ऑनलाइन सट्टा लगा रहे दो युवक भी अरेस्ट

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में हो रहे आईपीएल मैचों के टिकटों और कॉम्प्लिमेंटरी पास की कालाबाजारी हो रही है। यह खुलासा स्टेडियम में बैठकर राजस्थान रॉयल व रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच रविवार को हुए आईपीएल मैच के दौरान एक नाबालिग के स्टेडियम में अवैध रूप से एंट्री कराने और ऑनलाइन सट्टा लगाते दो युवक की गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में हुआ है। दलाल कॉम्प्लिमेंटरी की पास लेकर 25-25 हजार रुपए में तक बेच रहे हैं, जबकि 2 हजार रुपए में स्टेडियम में लगे कुछ सुरक्षाकर्मी व दलाल लोगों की अवैध रूप से बिना टिकट के ही एंट्री करा रहे हैं। दरअसल आईपीएल मैच के दौरान पुलिस को सूचना मिली थी कि स्टेडियम के रूफ टॉप पर दो युवक ऑनलाइन सट्टा लगा रहे हैं।

सूचना पर पुलिस की स्पेशल टीम मौके पर पहुंची और कुछ देर तक निगरानी के बाद में मैच देख रहे सीकर निवासी महेंद्र सिंह जाखड़ व विक्रम चौधरी को पकड़ लिया। दोनों मोबाइल पर मैच का आंखों देखा हाल देकर ऑनलाइन खाईवाली कर रहे थे। पुलिस ने आरोपियों से दो मोबाइल व 14 हजार रुपए की नकदी भी बरामद की है।

पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि उन्होंने कॉम्प्लिमेंटरी पास सीकर निवासी नरेंद्र सिंह से खरीदे थे। पूछताछ के बाद पुलिस ने महेंद्र सिंह व विक्रम के खिलाफ सट्टा व नरेंद्र पर कॉम्प्लिमेंटरी पास की खरीद-फरोख्त करने का मामला दर्ज कर लिया। पुलिस अब मामले की जांच कर रही है।



### विराट कोहली से मिलने मैदान तक पहुंचा नाबालिग



एसएमएस स्टेडियम में आयोजित हुए आईपीएल मैच के दौरान एक 14 साल का नाबालिग दर्शक दीर्घा से अचानक मैदान में आ गया और विराट कोहली तक पहुंच गया। वहां पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों और पुलिसकर्मियों ने नाबालिग को पकड़ लिया और उसको ज्योतिनगर थाने ले आए। जहां पर पूछताछ में नाबालिग ने बताया कि वह बिहार का रहने वाला है और विराट कोहली को फैन है। वह दिल्ली में किराये पर रहता है और मैच देखने के लिए आया था। नाबालिग को टिकट नहीं मिला तो स्टेडियम के बाहर शुभम शर्मा नाम का युवक मिला। उसने नाबालिग से पैसों की डिमांड की और मैच दिखाने की बात कही। शुभम ने नाबालिग से पैसे लेकर बिना टिकट के सुरक्षाकर्मियों से मिलीभगत करके उसकी स्टेडियम के अंदर एंट्री करा दी। पुलिस ने नाबालिग व शुभम के खिलाफ भी मामला दर्ज कर लिया। एफआईआर में पुलिस ने नाबालिग पर विराट कोहली को खतरा होने का जिक्र किया है, जबकि शुभम के खिलाफ अवैध रूप से एंट्री कराने के आरोप माने हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## जरूरी खबर

### 101 वर्षीया पूरण कंवर ने घर से किया मतदान



**जयपुर।** लोकसभा चुनाव-2024 में शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पूरा करने के लिए चुनाव आयोग की ओर से कई नवाचार किए जा रहे हैं। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस बीच आयोग की ओर से लोकसभा चुनाव में भी बुजुर्ग मतदाताओं के लिए होम वोटिंग की सुविधा दी गई है। होम वोटिंग में मतदाताओं में खासा उत्साह नजर आ रहा है। इसके तहत जयपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में विद्याधर विधानसभा क्षेत्र की अम्बाबाड़ी निवासी 101 वर्षीय पूरण कंवर ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

### भजनलाल जाटव पर धांधली का लगाया आरोप

**जयपुर।** करौली-धौलपुर से कांग्रेस प्रत्याशी भजनलाल जाटव पर आरटीआई एक्टिविस्ट अशोक पाठक ने आरोप लगाया कि भजनलाल जाटव ने मंत्री रहते हुए सिंघाना चिड़ावा पचेरी टोल की अवधि समाप्त होने के बाद भी अपने मौखिक आदेश से करीब चार माह तक टोल वसूली जारी रखी। उन्होंने आरोप लगाया कि मंत्री ने अपने प्रभाव का इस्तेमाल करके टोल ठेकेदार को फायदा पहुंचाया। उन्होंने कहा कि बाद में शिकायत होने पर विभाग की एम्पावर्ड कमेटी ने टोल ठेकेदार पर करीब 7 करोड़ का जुर्माना भी लगाया। लेकिन जाटव के मंत्री रहते हुए एक रुपए की भी वसूली नहीं हो सकी।

### NSUI कार्यकर्ताओं पर दर्ज FIR वापस लेने की मांग



**जयपुर।** भारतीय राष्ट्रीय संगठन के कार्यकर्ताओं ने विभिन्न मांगों और विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा एनएसयूआई कार्यकर्ताओं पर दर्ज करवाए गए मुकदमे को वापस लेने की मांग को लेकर सोमवार को प्रदर्शन का आह्वान किया था। एनएसयूआई प्रवक्ता रमेश भाटी ने बताया कि पुलिस प्रशासन ने प्रदर्शन की घोषणा से घबराकर रविवार देर रात को ही एनएसयूआई कार्यकर्ता अमरदीप परिहार को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया और साथ ही अन्य कार्यकर्ताओं को भी पाबंद किया। एनएसयूआई के कार्यकर्ता ने कुलपति सचिवालय पहुंचकर शांतिपूर्ण तरीके से अपना ज्ञापन सौंपा और कार्यकर्ताओं पर दर्ज एफआईआर वापस लेने की मांग की।

---

**कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने बीजेपी पर साधा निशाना, आज की तारीख में मोदी की गारंटी सिर्फ झूठ और जुमला**

# मोदी पीएम नहीं बनेंगे, बीजेपी 200 सीट भी नहीं जीत पाएगी

**बेधड़क** | जयपुर



कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने बीजेपी पर निशाना साधा है। डोटासरा ने कहा कि आज की तारीख में मोदी की गारंटी है तो वह झूठ है, जुमला है। साल 2013 में मोदी ने ईआरसीपी का वादा किया था, लेकिन उस पर कोई काम नहीं किया।

अब लोकसभा चुनाव आए तो ईआरसीपी पर समझौते की बात कर रहे हैं, लेकिन वह एमओयू कहां है, किसी को नहीं पता। सीएम हेलीकॉप्टर में घूम रहे हैं और कह रहे हमने ईआरसीपी पर समझौता किया है। सीएम और गजेंद्र सिंह शेखावत घूम-घूम कर जिंदाबाद के नारे लगवा रहे हैं। गजेंद्र सिंह और सीएम खुद के पैसे से होर्डिंग लगवाकर लोगों से जिंदाबाद के नारे लगवा रहे हैं। जनता इन पर हंस रही है। जनता के सामने एमओयू नहीं है।

इलेक्टोरल बॉन्ड से इनके पास पैसा खूब है, इसलिए खुद के होर्डिंग लगवाकर जय-जयकार करवा रहे हैं, लेकिन जनता समझ चुकी है। डोटासरा ने कहा, मोदी ने दो करोड़ नौकरी का वादा करके आज तक पूरा नहीं किया। 15 लाख खाते में डालने का जुमला ही है। भ्रष्टाचार मुक्त शासन की गारंटी आज भी देते हैं, वो मुंह चढ़ी बात है। अपनी पार्टी के नेता के अलावा मोदी सबको भ्रष्ट बताते हैं और छुट्टे मुंह गाली देते हैं। मोदी की गारंटियों पर डोटासरा ने कहा- अब जनता मोदी की गारंटियों पर भरोसा नहीं करती है।

मोदी की काठ की हांडी दो बार चढ़ गई, अब तीसरी बार नहीं चढ़ेगी। बीजेपी 200 पार नहीं करेगी और मोदी पीएम नहीं बनेंगे।

### इलेक्टोरल बॉन्ड का पैसा गैरकानूनी

डोटासरा ने कहा- सुप्रीम कोर्ट ने करप्शन पर प्रहार किया है। इलेक्टोरल बॉन्ड का पैसा गैरकानूनी है। सुप्रीम कोर्ट ने इसे गैरकानूनी बताया है। ऐसी-ऐसी कंपनियों के किस्से सामने आ रहे हैं, प्रॉफिट एक रुपया और चंदा दिया 93 रुपए। टैक्स एक रुपया नहीं दिया, चंदा दिया 600 करोड़। ईडी, इनकम टैक्स का छापा पड़ा और चंदा दे दिया। कोरोना आपदा के समय जिसे 4 से 5 हजार करोड़ का काम मिला, उसमें वैक्सीन बनाने की कंपनी शामिल है। देश आपदा से जूझ रहा था, उसमें भी वैक्सीन बनाने वाली कंपनी से चंदा लिया है।

### पेट्रोल-डीजल पर नहीं निभाया वादा

डोटासरा ने कहा- देश के पीएम ने विधानसभा चुनावों के वक्त कहा था कि राजस्थान में पेट्रोल-डीजल पर 12 रुपए ज्यादा लिए जा रहे हैं। मोदी ने वादा किया था कि दिसंबर में सरकार आते ही हरियाणा के समान कर देंगे। राजस्थान सरकार ने 1.5 से लेकर 4 रुपए कम किया, आज भी हरियाणा और राजस्थान के बीच पेट्रोल में 10 रुपए का अंतर है।

### ईआरसीपी को आगे नहीं बढ़ाया

डोटासरा ने कहा- गजेंद्र सिंह शेखावत को ईआरसीपी पर बोलने का अधिकार नहीं है। मोदी और गजेंद्र सिंह को वसुंधरा राजे की बनाई ईआरसीपी की डीपीआर मंजूर नहीं थी। वसुंधरा राजे से अनबन के चलते ईआरसीपी को आगे नहीं बढ़ाया। मदन दिलावर के बयान पर डोटासरा ने कहा- उनकी बुद्धि पर तरस आता है। बीजेपी वाले अगर मेरी एक बात मान लें, पूरे पांच साल दिलावर साहब को ही शिक्षा मंत्री रखना, इससे प्रदेश को तो नुकसान होगा, लेकिन हमें तो फायदा होगा।

---

**बाड़मेर आए बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर, धर्म विरोधियों को दी चेतावनी**

# हम किसी भी मजहब के विरोधी नहीं, लेकिन अपने धर्म के कट्टर

### सीएम ने आचार्य धीरेंद्र शास्त्री से लिया आशीर्वाद

**बेधड़क** | बाड़मेर



बागेश्वर धाम के धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि भारत बाबर का नहीं रघुवर का देश है। धर्म विरोधियों की ठठरी भी बाधेंगे। हम किसी भी मजहब के विरोधी नहीं है, लेकिन अपने धर्म के कट्टर भी है। कायदे में रहेंगे तो फायदे में रहोगे। लोग हमसे कहते हैं, आपको किसी से डर नहीं लगता। हमने कहा हिंदुओं को एकजुट करने आए हैं। जब तक हमारे तन में प्राण रहेंगे, तब तक हम हिंदुओं को एक करते रहेंगे।

शास्त्री सोमवार दोपहर जोधपुर में विश्व हिंदू परिषद(विहिप) की ओर से रावण का चबूतरा मैदान में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। बता दें कि आचार्य धीरेंद्र शास्त्री के पहली बार बाड़मेर प्रवास पर आने पर बीजेपी बीजेपी प्रत्याशी कैलाश चौधरी ने गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। इसके बाद जिला मुख्यालय हाई स्कूल मैदान में भारतीय नव वर्ष (चैत्र प्रतिपदा) की पूर्व संध्या पर विश्व हिंदू परिषद एवं नववर्ष स्वागत समारोह समिति की ओर से आयोजित हनुमंत शक्ति जागरण प्रोग्राम में शामिल हुए। वहां पर दरबार लगाया। इस दौरान कहा कि जागरण में आई हजारों की संख्या में भीड़ को हमेशा तिलक लगाने वह सनातन धर्म को बचाने का आह्वान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज के बाद किसी भी प्रकार टोने टोटके भूत प्रेत बाधा में भी किस के पास नहीं जाए और और बालाजी के दरबार में अपनी समस्याओं को दूर करें।

विश्व हिंदू परिषद के जिला सह मंत्री खेमीचंद सोलंकी के अनुसार प्रोग्राम में सनातन संस्कृति की ध्वजा का परचम विश्व पटल पर लहराने के साथ आचार्य शास्त्री सामूहिक विराट हनुमान चालीसा पाठ किया है। इस दौरान राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी उनके साथ हनुमंत शक्ति जागरण में भाग लेकर बागेश्वर बालाजी पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री से आशीर्वाद लिया।

कार्यक्रम में राजस्थान सरकार की राज्य मंत्री के बिश्नोई तारातरा मठ के मंहत व पोकरण विधायक स्वामी प्रताप पुरी, सिवाना विधायक हमीर सिंह भायल, बाड़मेर विधायक प्रियंका चौधरी बाड़मेर-जैसलमेर से लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी व केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी सहित साधु संत व विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान हनुमत शक्ति कार्यक्रम में बाड़मेर शहर सहित जिले भर से हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ पहुंची।

### शास्त्री बोले- चमत्कारों के चक्कर में मत पड़ो

शास्त्री बोले- तंत्र-मंत्र, चमत्कारों के चक्करों में मत पड़ो। तुम्हारा भला तो हनुमानजी के चरण पकड़ने से होगा। हनुमानजी जैसा बुद्धिमान, ज्ञानवान कोई नहीं हैं। देवता ध्यान भी नहीं रखते, लेकिन हनुमानजी सबका ध्यान रखते हैं। दुनिया वालों पर जब संकट आता है तो वो रामजी को पुकारते हैं, लेकिन रामजी पर जब संकट आता है, वो हनुमानजी को पुकारते हैं। हनुमानजी सबकी पुकार सुनते हैं। उन्होंने कहा- महिलाएं भी हनुमान चालीसा पढ़ सकती है। कहीं पर नहीं लिखा की महिलाएं हनुमान चालीसा नहीं पढ़ सकतीं।



### मंच पर बैठने को लेकर विवाद हुआ

कार्यक्रम में विहिप के पदाधिकारियों को मंच से उतारने पर विवाद भी हो गया था। मामला बढ़ा तो हवाला दिया गया कि विहिप राजनीतिक नहीं गैर राजनीतिक संस्थान है और इसके कार्यकर्ता संत जैसे हैं और प्रचारक है। हालांकि 5 मिनट के बाद पदाधिकारियों को दोबारा बुलाया गया और मंच पर बैठाया गया। शास्त्री के मंच पर आने से पहले उनके पीए नितिन ने कहा- ये राजनीतिक मंच नहीं है, संतों का सम्मेलन हैं और संत समागम है तो केवल संत यहां बैठेंगे। इस पर विहिप के पदाधिकारी मंच से नीचे उतरे। इस दौरान प्रांत सहमंत्री महेंद्र राजपुरोहित नाराज हो गए और बोले- यह राजनीतिक पार्टी के लोग नहीं विहिप के कार्यकर्ता है और विहित राजनीति संगठन नहीं, ये गैर राजनीतिक संगठन हैं। करीब 5 मिनट बाद सामान्य होने पर पदाधिकारियों को दोबारा मंच पर बुलाया गया और संतों के साथ बैठाया गया।

---

**पायलट का भाजपा पर प्रहार**

# BJP में मंदिर-मस्जिद, हिन्दू-मुस्लिम का टेप रिकॉर्डर ऑन

**अमराराम के समर्थन में की जनसभा**



**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सचिन पायलट सोमवार को सीकर लोकसभा सीट के नीमकाथाना पहुंचे। जहां इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अमराराम के समर्थन में उन्होंने सभा को संबोधित किया। इस दौरान पायलट ने भारतीय जनता पार्टी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, जनता ने केंद्र में एक सरकार भरोसे के साथ बना कर भेजी थी, लेकिन भाजपा की सरकार ने किसानों की एमएसपी खत्म कर दी। पायलट ने कहा, हमारी सरकार ने 20 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला, नरेगा का कानून बनाया ऐसा कानून दुनियां में कहीं नहीं है। जब से देश आजाद हुआ है आज देश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी है। हमारी सरकार ने 20 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला, नरेगा का कानून ऐसा बनाया जैसा विश्व में कहीं नहीं है। जब से देश आजाद हुआ है आज देश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी है।

### यह चुनाव महत्वपूर्ण

प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सचिन पायलट ने कहा कि, यह चुनाव महत्वपूर्ण है। यह चुनाव आने वाले समय में देश की दिशा और दशा तय करेगा। उन्होंने कहा कि, हमारे प्रत्याशी अमराराम ने हमेशा जनता की आवाज उठाई। पायलट ने कहा कि, भाजपा के लोग, बस हिन्दू मुसलमान की राजनीति करते हैं, कोई भाजपा का नेता रोजगार की बात नहीं करता, बस मंदिर-मस्जिद, हिंदुस्तान-पकिस्तान की बात करते हैं, सैलून से यही टेप रिकॉर्डर ऑन कर रखा है।

---

**अलग-अलग जगहों पर बनाए गए सुविधा केन्द्र**

# चुनाव कार्य में लगे अधिकारियों कार्मिकों ने किया मतदान

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए होम वोटिंग के साथ चुनाव कार्य में नियुक्त अधिकारियों-कार्मिकों की वोटिंग भी शुरू हो गई हैं। अलग अलग जगहों पर बनाए गए सुविधा केन्द्र पर पुलिसकर्मियों, होमगार्ड, आएएसी, जीआरपी कार्मिक पोस्टल बैलेट के जरिए अपनी-अपनी लोकसभा सीट के लिए पोस्टल बैलेट के जरिए मत का प्रयोग कर रहे हैं। पहले चरण में जयपुर सहित प्रदेश की 12 संसदीय सीटों पर 19 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए पुलिसकर्मियों, होमगार्ड, आएएसी, जीआरपी के अधिकारी और कार्मिक कतारों में लगकर मतदान किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया की चुनाव कार्य में नियुक्त 3 लाख 76 हजार अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए डाक मतपत्रों और ईडीसी द्वारा मतदान की सुविधा दी गई हैं। अब तक फेसिलिटेशन सेंटर्स पर 32,101 मत डाले गए। इनमें से अब तक 18 हजार 406 पुलिसकर्मी, 7 हजार 890 आरएसी, 387 जीआरपी, 5 हजार 414 मतदानकर्मियों और 4 प्राइवेट द्वारा मताधिकार का उपयोग किया गया। इन केंद्रों पर 18 अप्रैल तक पहले फेज और 25 अप्रैल तक दूसरे चरण की लोकसभा क्षेत्रों के लिए मतदान किया जा सकेगा। जयपुर में भी 36 मतदान बूथ स्थापित किए गए हैं।

---

**लोकसभा चुनाव: अनूपगढ़ और बीकानेर में भरेंगे हुंकार**

# चुनाव प्रचार को धार देने 11 को आएंगे राहुल

**बेधड़क** | जयपुर



लोकसभा चुनाव के प्रचार को धार देने में जुटी कांग्रेस अब केंद्रीय नेताओं की सभाओं के जरिए मतदाताओं को साधने में जुटी है। पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की राजस्थान में पहली चुनावी सभा 11 अप्रैल को तय हुई है। इस दिन राहुल गांधी अनूपगढ़ और फलौदी में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। राहुल गांधी की लोकसभा चुनाव के रण में राजस्थान में पहली सभा होगी। जानकारी के मुताबिक, कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और वायनाड से पार्टी के प्रत्याशी राहुल गांधी 11 अप्रैल को अनूपगढ़ और फलौदी में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इन दो चुनावी सभाओं के जरिए राहुल गांधी श्रीगंगानगर, बीकानेर, जोधपुर, बाड़मेर और पाली लोकसभा सीट के वोटरों के नब्ज को भापेंगे। दरअसल, राजस्थान में चुनावी माहौल में कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी की डिमांड है। लेकिन अन्य राज्यों में पहले से तय चुनावी कार्यक्रमों की वजह से उनकी फिलहाल राजस्थान में दौरे कम हैं। पहले चरण के चुनावी प्रचार में प्रियंका गांधी की सभाएं कम होंगी। जबकि दूसरे चरण में उनके ज्यादा दौरे होने की उम्मीद जताई जा रही है। राजस्थान में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, जिग्नेश मेवानी और कन्हैया कुमार की भी चुनावी सभाएं आने वाले दिनों में होने की संभावना है। हालांकि, अभी इनकी तारीख तय नहीं हो पाई है। इमरान प्रतापगढ़ी की भी प्रदेश में सभाएं करवाई जाएंगी। मल्लिकार्जुन खड़गे ने 4 अप्रैल को चित्तौड़गढ़ में पार्टी प्रत्याशी उदयलाल आंजना की नामांकन सभा को संबोधित किया था। इसके बाद उन्होंने 6 अप्रैल को जयपुर की सभा में भी संबोधित किया था।

---

**राजस्थान लोकसभा चुनाव सह प्रभारी का दावा**

# भाजपा प्रदेश की सभी 25 सीटों पर रिकॉर्ड जीत दर्ज करेगी: राहटकर

**बेधड़क** | जयपुर

लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टियां जन संपर्क में जुटी हुईं हैं। श्रीगंगानगर लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी प्रियंका बैलान के समर्थन में श्रीगंगानगर प्रवास पर आईं भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री और राजस्थान लोकसभा चुनाव सह प्रभारी विजया रहाटकर ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी और राजस्थान में भजनलाल सरकार की ओर से लगातार लिए जा रहे जनहित के फैसलों से न केवल श्रीगंगानगर बल्कि राजस्थान की सभी 25 लोकसभा सीटों पर भाजपा रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि आज राजस्थान में कांग्रेस की स्थिति बेहद खराब है। कांग्रेस के उम्मीदवार टिकट लेने से मना कर रहे हैं। ऐसा पहली बार हुआ है कि जब कांग्रेस के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में पार्टी छोड़ कर भाजपा में शामिल हो रहे हैं। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को राजनीति में आरक्षण देकर आगे बढ़ने का काम किया है। लोकसभा चुनाव में महिलाओं को बड़ी संख्या में टिकट दिए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति कर रहा है।



### संकल्प पत्र जारी करती है भाजपा

विजया रहाटकर ने केंद्र सरकार की ओर से लिए गए विभिन्न निर्णयों का जिक्र करते हुए कहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व में बहुत सालों से लंबित पड़े हुए काम बड़ी आसानी से कर दिए गए हैं। कांग्रेस ने अपना घोषणा पत्र जारी किया है, जो झूठ का पुलिंदा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा संकल्प पत्र जारी करती है। देश के विकास में करने वाले कार्यों को भाजपा हमेशा संकल्प के तौर पर लेती है। आज देश का हर नागरिक पीएम मोदी की गारंटी पर विश्वास करता है, क्योंकि पीएम मोदी जो कहते हैं वह करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने जितने भी घोषणा पत्र दिए हैं, उनमें वायदे पूरे नहीं किए। भाजपा संकल्प पत्र के साथ पूरा विचार करके आई है और उस संकल्प को हम पूरा भी करते हैं। हमने जो आश्वासन दिए उन्हें पूरा भी किया है। लोगों का पीएम नरेंद्र मोदी पर भरोसा है। प्रदेश में भी भाजपा सरकार बेहतर काम कर रही है।

### कम्युनिस्ट पार्टी और कांग्रेस का अवसरवादिता का गठबंधन

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता व लोकसभा क्षेत्र के समन्वयक रामलाल शर्मा ने सोमवार को कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में जहां एक ओर अवसरवादिता का गठबंधन है, वहीं दूसरी ओर राष्ट्रीय हितों की विचारधारा है। शर्मा सोमवार को सीकर में पत्रकारों से बाचतीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वे कम्युनिस्ट पार्टी के प्रत्याशी अमराराम से पूछना चाहते हैं कि क्या उन्होंने किसानों के हितों में एक भी आंदोलन किया है। कम्युनिस्ट व कांग्रेस दोनों मानते हैं कि वे किसानों के हितेषी व किसानों की बात करने वाले हैं, लेकिन कम्युनिस्ट व कांग्रेस पार्टी बताएंगे कि क्या भाजपा शासन के अलावा कांग्रेस सरकार के समय एक दिन भी किसानों की बात की हो। किसानों के लिए आंदोलन किया हो? चाहे फिर किसानों के लिए बिजली, पानी सहित अन्य मांग हो।शर्मा ने कहा कि कांग्रेस अपने आप को किसानों की सबसे बड़ी हितेषी पार्टी बताती है, कांग्रेस 2018 से 2023 तक राज्य में सत्ता में रही। इस दौरान हम बाजरे की खरीद एमएसपी पर खरीदने के लिए बार-बार दबाव बनाते रहे, लेकिन सरकार ने एक मुट्ठी भी बाजरे की खरीद के लिए एमएसपी तय नहीं की। उस समय कम्युनिस्टों ने भी बाजरे की खरीद के लिए एक जन आंदोलन क्यों नहीं खड़ा किया। कम्युनिस्ट व कांग्रेस का गठबंधन आज का नहीं है, बरसों का है। राजस्थान की जनता व विशेषकर सीकर की जनता तो जानती है कि एक दौर में इन्होंने सीकर में अशांति व अराजकता का माहौल पैदा करने की कोशिश की थी।

## जरूरी खबर

### अशैक्षणिक कर्मचारी संघ ने किया प्रदर्शन



**जयपुर।** मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में प्रशासनिक अनियमितता, तानाशाही रवैये का आरोप लगाते हुए अपनी मांगों को लेकर अशैक्षणिक कर्मचारी संघ (एनटीएसए) ने सोमवार को भी प्रशासनिक भवन के प्रांगण में विरोध प्रदर्शन किया। संघ अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने प्रशासन को समय रहते कर्मचारियों की जायज मांगों को पूरा करने एवं भ्रष्टाचार को रोकने की चेतावनी दी है। संघ महासचिव जे पी सिंह ने बताया कि प्रशासन हठधर्मिता और तानाशाही की अवस्था में है। मांगें नहीं मानी तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

### चेटीचंड पर आज निकलेगी संदेश यात्रा

**जयपुर।** पूज्य सिन्धी पंचायत सांगानेर एवं सिन्धु समाज वेलकम ग्रुप के तत्वावधान में 9 अप्रैल को चेटीचंड महोत्सव मनाया जाएगा। सुबह 10 बजे भगवान झुलेलाल मंदिर पूज्य सिंधी धर्मशाला से संदेश यात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान भगवान झूलेलाल, माता रानी, राम परिवार, शिव परिवार और सद्गुरु स्वामी टेऊंराम जी महाराज की झांकियां सजाई जाएगी। पूज्य सिंधी पंचायत, सांगानेर के अध्यक्ष उत्तम चन्द बच्वानी ने बताया कि सदगुरु स्वामी भगत प्रकाश जी महाराज के आशीर्वाद से संत मोनूराम जी महाराज एवं संत मंडली द्वारा ध्वजा वंदन कर भगवान श्री झूलेलाल संदेश यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। यात्रा पूज्य सिन्धी धर्मशाला सांगानेर से रवाना होकर नगर निगम रोड, अनाज मंडी, मैन बाजार, सीटीएस बस स्टैंड से सिन्धी कालोनी से होती हुई भगवान झुलेलाल मंदिर पर संपन्न होगी। मीडिया प्रभारी पुरुषोतम बच्चानी ने बताया कि बुधवार को भगवान श्री झूलेलाल जी की फूल बंगला झांकी सजाई जाएगी।

**'सेल्फ रियलाइजेशन विद विनायक' में बोले आध्यात्मिक प्रचारक और प्रेरक वक्ता...**

# मन के गुलाम नहीं... मन के राजा बनो: विनायक शर्मा



**बेधड़क** | जयपुर

आध्यात्मिक प्रचारक और प्रेरक वक्ता विनायक शर्मा ने कहा कि हम सभी को सही गलत में फर्क पता होता है, फिर भी मन के वशीभूत होकर हम गलत कर्म कर बैठते हैं। इसलिए मन को गुलाम बनाकर अपने जीवन को जीना शुरू कीजिए। आज का युवा मन का गुलाम बनकर अपने जीवन को गलत दिशा दे रहा है, इसी राह से बचने की जरूरत है। विनायक शर्मा सोमवार को नागपुर के चिटनविस सेंटर लॉन के बैंक्वेट हॉल में हुए 'सेल्फ रियलाइजेशन विद विनायक' में बोल रहे थे। कार्यक्रम में शर्मा को सुनने के लिए युवाओं का तांता लगा रहा। इस दौरान विनायक शर्मा ने युवाओं की जिज्ञासा गौर से सुनी और उनके सवालों के उत्तर दिए। इस दौरान आध्यात्मिक, सेल्फ मोटिवेशन, डिप्रेशन, मेंटल हेल्थ, एनलाइटमेंट, सनातन धर्म पर खुलकर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि हमें दृष्टा बनकर इस जीवन को समझना है। आज तक जो भी सूचना बचपन से हमे दी गई है, वही हमारे मन और विचार को बुनती है और इसी जाल में फंसकर हम गलत फैसले ले बैठते हैं। विनायक शर्मा ने कहा कि सोशल मीडिया पर मिल रहे गुरुओं से बचने की आवश्यकता है। आज का युवा सोशल मीडिया पर अपने आइडियल को चुनता है। राम और कृष्ण हमारे सच्चे आइडियल हैं। कृष्ण ने सच्चे गुरु की तरह अर्जुन को धर्म क्षेत्र में जीवन का सार बताया।





**तीन डॉक्टर्स को सस्पेंड करने के विरोध में हड़ताल**

# SMS में रेजिडेंट्स ने नहीं किया काम, OPD में लगी लंबी लाइनें

■ **मांग: पहले जांच करें और बताएं कि डॉक्टर की गलती क्या थी, फिर करें कार्रवाई**

**बेधड़क** | जयपुर

शास्त्री नगर स्थित कावंटिया हॉस्पिटल में एक प्रसूता की डिलीवरी हॉस्पिटल के बाहर चबूतरे पर होने के बाद प्रशासन की ओर से तीन रेजिडेंट डॉक्टरों को सस्पेंड कर देने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। सोमवार को एसएमएस समेत दूसरे अस्पतालों में रेजिडेंट्स डॉक्टरों ने कार्य बहिष्कार कर दिया है। इसके चलते ओपीडी में इलाज करवाने पहुंचे मरीजों को खासी परेशानी हुई।

सोमवार सुबह एसएमएस मेडिकल कॉलेज के बाहर रेजिडेंट डॉक्टर्स ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। जार्ड के अध्यक्ष डॉक्टर राजेश कुमावत ने बताया- पहले फरवरी में सरकार ने गलत खून चढ़ाने के मामले में रेजिडेंट डॉक्टर को एपीओ कर दिया था। अब भी सरकार ने जांच किए बिना एक पक्ष कार्यवाही करते हुए रेजिडेंट डॉक्टरों को सस्पेंड कर दिया। इस तरह हर बार रेजिडेंट डॉक्टरों पर एक तरफा कार्रवाई करना ठीक नहीं है। जांच करें और बताएं कि डॉक्टर की क्या गलती थी। उसके बाद कार्रवाई की जानी चाहिए।



### जीबीएम में किया हड़ताल का निर्णय

इससे पहले रविवार देर रात जार्ड की जीबीएम हुई थी। इसमें सभी पदाधिकारियों ने एकमत होकर सोमवार सुबह से कार्य बहिष्कार का निर्णय किया था। इस कार्य बहिष्कार में ओपीडी के अलावा आईपीडी और इमरजेंसी को भी शामिल रखा। जार्ड अध्यक्ष का दावा है कि इस कार्य बहिष्कार में 1500 से ज्यादा रेजिडेंट डॉक्टर्स शामिल हैं।

### ओपीडी में अधिक प्रभाव

रेजिडेंट डॉक्टर्स के हड़ताल का सबसे ज्यादा प्रभाव ओपीडी में रहा। एक दिन छुट्टी होने के कारण मरीजों की भीड़ ज्यादा रही। चैम्बरों में डॉक्टरों के नहीं मिलने से मरीजों की लंबी लाइनें लग गई। असिस्टेंट प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, प्रोफसर रैंक के डॉक्टरों के साथ कुछ इन सर्विस डॉक्टरों ने ओपीडी में बैठकर मरीजों को देखा। उनका इलाज किया। सबसे ज्यादा भीड़ जनरल मेडिसिन डिपार्टमेंट में रही। यहां सुबह मरीजों की लंबी कतार देखने को मिली।

### छोटे ऑपरेशनों को टाला

हड़ताल का असर ऑपरेशनों पर भी दिखा। छोटे-मोटे ऐसे ऑपरेशन जिन्हें आगे के लिए टाला जा सकता है, उन्हें नहीं किया गया। केवल इमरजेंसी और जरूरी ऑपरेशन ही किए गए। इधर, इमरजेंसी में भी इन सर्विस डॉक्टरों की विशेष ड्यूटी लगाई गई।

### इसलिए किया कार्य बहिष्कार

दरअसल, पिछले दिनों शास्त्री नगर स्थित कावंटिया हॉस्पिटल में एक प्रसूता की डिलीवरी हॉस्पिटल के बाहर चबूतरे पर होने के बाद प्रशासन ने तीन रेजिडेंट डॉक्टरों को सस्पेंड कर दिया था। सरकार ने इस प्रकरण में प्रथम दृष्टया रेजिडेंट डॉक्टर डॉ. कुसुम सैनी, डॉ. नेहा राजावत और डॉ. मनोज को दोषी माना। उनके निलंबन के आदेश जारी कर दिए। सरकार की इसी कार्रवाई के विरोध में डॉक्टरों ने कार्य बहिष्कार कर दिया।

**कल से मौसम में होगा बदलाव**

# पिछले साल की तुलना में कम तपा अप्रैल का पहला सप्ताह

**बेधड़क** | जयपुर




प्रदेश के मौसम में हर दिन बदलाव देखने को मिल रहे हैं। हालांकि अप्रैल के पहले सप्ताह में गर्मी का असर कम देखने को मिला। पिछले साल की तुलना में अप्रैल के पहले सप्ताह में तापमान में 5 से 7 डिग्री का अंतर देखा गया है।

मौसम विभाग के अनुसार ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि प्रदेश में अप्रैल के शुरुआती सप्ताह में एक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस सक्रिय हुआ, जिससे कई जिलों में हल्की बारिश व तेज हवाएं प्रभावी रही। अब 10 अप्रैल से लगातार दो वेस्टर्न डिस्टर्बेंस सक्रिय होंगे। इसके बाद प्रदेश में बढ़ा हुआ तापमान देखने को मिला है। इस साल अप्रैल के शुरुआती सप्ताह का 32 से 36 डिग्री के बीच रहा, जबकि पिछली साल ये 38 से 40 डिग्री रहा था। मौसम विभाग की माने तो बुधवार से सक्रिय हो रहे दो वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के कारण मौसम में बदलाव देखने को मिल सकते हैं। इस दौरान बारिश की संभावना भी बन रही है। इस वजह से दिन का तापमान सामान्य (40 डिग्री सेल्सियस तक) रहने की संभावना है। रात का तापमान भी सामान्य रहेगा। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार प्रदेश में मंगलवार तक मौसम ड्राइ रहने की संभावना है। तापमान में हल्की बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। वहीं, बुधवार शाम से पूर्वी हवा के प्रभावी होने से दक्षिणी व दक्षिण पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में मेघ गर्जन और बारिश की संभावना है। जो 12 अप्रैल तक एक्टिव रह सकता है। इन दोनों सिस्टम के आने के कारण राजस्थान में अगले सप्ताह के अंत तक तापमान सामान्य रहने के आसार हैं। आगामी 72 घंटों में बढ़ेगा 2 से 3 डिग्री तापमान : मौसम विभाग के अनुसार अप्रैल के दूसरे सप्ताह में तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी देखी जा सकती है। आगामी 72 घंटों में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री से. बढ़ोतरी होने की संभावना है। मंगलवार से पूर्वी हवाओं के प्रभावी होने से पूर्वी व दक्षिण-पूर्वी राजस्थान में कंही-कंही मेघगर्जन, बारिश होने की संभावना है।


**सच बेधड़क**
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।


**जिला उपभोक्ता आयोग फैसला**

# SDMH पर 15 लाख का जुर्माना

**बेधड़क** | जयपुर

इलाज में लापरवाही को लेकर जिला उपभोक्ता आयोग जयपुर-द्वितीय ने संतोकबा दुर्लभजी मेमोरियल हॉस्पिटल सहित उसके डॉक्टर्स पर 15 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है।

आयोग ने यह जुर्माना जया कुमार के परिवाद पर फैसला सुनाते हुए लगाया। आयोग ने पूरे मामले में अस्पताल और उसके डॉक्टर्स की गंभीर लापरवाही व सेवादोष माना है। आयोग ने दुर्लभजी हॉस्पिटल पर 9 लाख रुपए और, डॉ. फयाज सहाब, डॉ. रिद्दिमा व डॉ. प्रियंका पर 6 लाख रुपए यानि कुल 15 लाख रुपए का हर्जाना लगाया है। वहीं, इलाज में खर्च हुए 65 हजार रुपए भी हॉस्पिटल को परिवाद दायर करने की तारीख से नौ फीसदी ब्याज सहित लौटाने का निर्देश दिए हैं।




आयोग ने कहा कि हॉस्पिटल ने परिवादिया का शारीरिक, मानसिक व आर्थिक तौर पर तो शोषण किया ही, बल्कि उसकी जान को जोखिम में डालकर उसे मातृत्व सुख से भी वंचित किया है। ऐसे में परिवादिया हॉस्पिटल व दोषी डॉक्टर्स से क्षतिपूर्ति राशि प्राप्त करने की अधिकारी है।

**करोड़ों रुपए का हिसाब मिला, 5 लैपटॉप और 18 फोन जब्त**

# आईपीएल मैच पर सट्टा लगाते 5 गिरफ्तार

**बेधड़क** | जयपुर

कमिश्नरेट की डीएसटी साउथ ने एक फ्लैट पर दबिश देकर आईपीएल मैच पर सट्टा खिला रहे बीकानेर के 4 बदमाशों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बदमाशों के पास से 5 लैपटॉप और 18 मोबाइल बरामद किए हैं। बदमाशों से मिले लैपटॉप में करोड़ों रुपए का हिसाब मिला है।



डीएसटी साउथ और महेश नगर थाना पुलिस की टीम ने सट्टे के खिलाफ यह संयुक्त कार्रवाई की। महेश नगर थाना पुलिस ने बताया कि डीएसटी साउथ के प्रभारी नंदलाल नेहरा को सट्टे की सूचना मिली थी। इस पर टीमें गोपी रेजीडेंसी, स्वेज फार्म थाना महेश नगर पहुंची। यहां चौथी मंजिल पर चार सटोरिए आईपीएल मैच पर सट्टा लगा रहे थे। पुलिस ने कमरे से 5 लैपटॉप और 18 मोबाइल बरामद किए। मैच के दौरान भाव जानने के लिए मोबाइल पर लोगों के फोन आ रहे थे। इस पर पुलिस ने सभी मोबाइल को बंद कर दिया और चारों आरोपियों को थाने लेकर आई। आरोपियों की पहचान मनमोहन उर्फ मोंटी पुत्र त्रिलोक चंद जैन निवासी गंगा शहर (बीकानेर), रजनीश पंवार पुत्र राजकुमार माली निवासी गंगा शहर (बीकानेर), कन्हैया लाल पुत्र लूणा राम निवासी गंगा शहर (बीकानेर), जगदीश पुत्र ओम प्रकाश माली निवासी गंगा शहर (बीकानेर) के रूप में हुई है।

**मुख्य सचिव सुधांश पंत ने जेडीए ऑफिस का किया औचक निरीक्षण**

# 45 मिनट का दौरा और 15 मिनट की बैठक, जानी- पेंडेंसी कितनी

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने सोमवार को जेडीए कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कंप्यूटर खोलकर पेंडेंसी की स्थिति जानी। इसके बाद 45 मिनट कार्यालय का दौरा किया और उसके बाद 15 मिनट बैठक ली।

इस दौरान उन्होंने स्थिति संतोषजनक बताई साथ ही लापरवाह कर्मचारियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। सीएस सुबह 9:35 बजे जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) के ऑफिस पहुंच गए। पंत ने जेडीए मुख्यालय की बिल्डिंग में ग्राउंड फ्लोर से लेकर तीसरी मंजिल तक करीब 40 कमरों का निरीक्षण किया। इसकी सूचना मिलते ही फौरन जेडीए कमिश्नर (जेडीसी) मंजू राजपाल भी पंत के पास पहुंच गईं। इस दौरान पंत ने अधिकारियों के कंप्यूटर खोलकर पेंडेंसी की स्थिति जानी। उन्होंने कहा कि हालात संतोषजनक है। एक-दो अधिकारी-कर्मचारी जरूर लापरवाह हैं। जल्दी ही उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए जेडीसी को निर्देश दिए गए हैं। करीब 45 मिनट तक दौरा करने के बाद पंत ने सभी अधिकारियों को जेडीए के मंथन सभागार में बुलाया। यहां करीब 15 मिनट बैठक की।



### पहले की तुलना में पेंडेंसी कम मिली

निरीक्षण के दौरान पंत जेडीए सचिव हेम पुष्पा के कमरे में भी गए। पंत ने वहां रखी फाइलों की स्थिति देखी। सचिव के लॉगिन से उनके फाइल डिस्पोजल का ट्रैक देखा। पंत ने बताया कि फाइलों का डिस्पोजल एवरेज (काम पूरा करने का समय) टाइम 9 घंटे आ रहा है। यह सबसे अच्छा है। उन्होंने बताया कि मैंने दो-चार अधिकारियों के लॉगिन चेक किए। वहां किसी का डिस्पोजल एवरेज टाइम 14 तो किसी का 18 घंटे आ रहा है। पहले की तुलना में पेंडेंसी कम मिली। एक-दो अधिकारी के कमरे में पेंडेंसी 3-4 दिन की मिली। ऐसी स्थिति नहीं थी कि कोई फाइल एक-दो सप्ताह या एक माह से पड़ी है और उन पर कोई निर्णय न हुआ हो।

### इन्फ्रास्ट्रक्चर की कमी जल्द ही करेंगे दूर

जेडीए में स्टाफ की कमी को लेकर पूछे गए सवाल पर पंत ने कहा- इन्फ्रास्ट्रक्चर की कमी है। इसे दूर करने के लिए हम चर्चा कर रहे हैं। संभावना है कि मई-जून तक निर्णय हो जाएगा। सीएस सुधांश पंत का ढाई माह में जेडीए का यह दूसरा दौरा है। इससे पहले 23 जनवरी को भी पंत जेडीए के औचक निरीक्षण पर पहुंचे थे। गैरहाजिर मिलने पर जेडीए की तत्कालीन सचिव के अलावा एक अतिरिक्त आयुक्त और एक उपायुक्त को एपीओ किया गया था। पंत इससे पहले परिवहन विभाग, हाउसिंग बोर्ड, संभागीय आयुक्त कार्यालय, जयपुर कलेक्ट्रेट, नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय समेत अन्य कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर चुके हैं।

## जरूरी खबर

### अवैध मादक पदार्थ के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार



**चाकसू।** शिवदासपुरा थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के साथ दो अपराधियों को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी रणजीत सिंह ने बताया कि सहभागिता फ्लेट्स के पास दो संदिग्ध युवकों के होने की सूचना मिली थी। युवकों के पास अवैध मादक पदार्थ था जिसे वह बेचने की फिराक में थे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर 2 युवको को डिटेन कर उनके कब्जे से कुल 895.07 ग्राम व 101 ग्राम एमडी बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपियों से पूछताछ जारी है।

### 'भारत गाथा' में दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

**जयपुर।** हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा फाउंडेशन, जयपुर महानगर की ओर से सोमवार को भारत गाथा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रदेश सचिव सोमकांत शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। जिसमें कालबेलिया नृत्य मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम में इस बार देश भक्ति थीम पर आधारित देश भक्ति बैंड द्वारा भी शानदार प्रस्तुति दी, सभी ने जय श्री राम के नारो के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। राष्ट्रीय संयोजक गुणवंत कोठारी ने हिंदू जीवन पद्धति की वैज्ञानिक महत्ता पर प्रकाश डाला एवं सभी को हिंदू जीवन पद्धति को अपनाने से होने वाले लाभों से अवगत करवाया।

### सांवलिया सेठ को एक करोड़ से अधिक का चढ़ावा



**चित्तौड़गढ़।** सांवलियाजी प्राकट्य जन्मस्थल के दान पात्र से चढ़ावे की रिकॉर्ड राशि प्राप्त हुई। यह राशि पहली बार एक करोड़ पार पहुंची, जबकि शनि देव मंदिर के दान पत्र से 15 लाख रुपए की राशि निकली। सांवलिया सेठ मंदिर मंडल कमेटी के कार्यकारी अधिकारी प्रह्लाद सोनी ने बताया कि सांवलिया सेठ के राजभोग आरती के बाद दान पात्र खोला गया, जिससे 77 लाख 7 हजार 295 रुपए की राशि दान पेटियों से निकली। वहीं, ऑनलाइन कार्यालय में 25 लाख 35 हजार 313 रुपए प्राप्त हुए। इस प्रकार चढ़ावे की कुल राशि एक करोड़ दो लाख 40 हजार 608 रुपए है। वहीं, एक भक्त ने 700 ग्राम चांदी का घर बनाकर भेंट किया है।

---

**जालोर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी वैभव गहलोत ने सिरोही क्षेत्र में किया जनसंपर्क**

# जनसंवाद में उमड़ रही भीड़, जनता का भरोसा जीत रहे वैभव

बेधड़क | सिरोही

जालोर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी वैभव गहलोत ने सोमवार को सिरोही जिले के गांवों का दौरा किया और ग्रामीण जनों से संवाद कर उनकी समस्याएं जानी। ग्रामीण जन वैभव गहलोत से मिलने के लिए उत्साहित दिखे और उन्हें जीत का आशीर्वाद भी दिया।

इस दौरान वैभव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 20 साल से जालोर- सिरोही में भाजपा के सांसद हैं, केंद्र में 10 साल से इनकी सरकार है पर इनके सांसद आज तक जालोर- सिरोही



के लिए एक योजना भी केंद्र से नहीं ला पाए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है, लेकिन इनके सांसद आमजन से मिलना भी गंवारा नहीं समझते। देश–विदेश में रह रहे हमारे प्रवासी भाई रेल नेटवर्क नहीं होने के कारण परेशान है।

### जीत का लिया आशीर्वाद

वैभव गहलोत ने सिरोही के आल्पा, रोवाडा, मनादर, कैलाशनगर, नारादरा, मोरली, पोसालिया, राडबर, खन्द्रा, खेजडिया और केशरपुरा गांवों का दौरा किया और आमजन से मुलाकात की। वैभव गहलोत ने सिरोही में भेवी माताजी के दर्शन किए और जालोर - सिरोही में विकास की कामना की। इस दौरान उन्होंने श्री श्री 1008 सिद्धि महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। वैभव 9 अप्रैल को पिण्डवाड़ा के सानवाड़ा, तेलपुर - डिंगार, वीरवाड़ा, उन्दा, सिवेरा-राजपुरा, झाडोली, झांकर-जनापुर, कोजरा , नांदिया लौटाना, माण्डवाड़ा खालसा, ईशरा, नितोड़ा, धनारी गांवों में जनसंपर्क करेंगे।

### बसपा प्रत्याशी ने नाम लिया वापस, वैभव को देंगे समर्थन

**जालौर।** राजस्थान लोकसभा चुनाव 2024 की नामांकन प्रक्रिया वापसी के दौरान जालौर-सिरोही लोकसभा सीट से बहुजन समाज पार्टी के लिए एक दुखद खबर सामने आई है। कांग्रेस छोड़कर बसपा का दामन थामने वाले लाल सिंह ने सोमवार को नामांकन वापसी के अंतिम दिन अपना नाम वापस ले लिया है।

बता दें कि कांग्रेस से टिकट नहीं मिलने से नाराज होकर लाल सिंह ने बसपा का दामन थमते हुए जालौर-सिरोही लोकसभा सीट से बसपा का टिकट लेकर चुनाव मैदान में उतरे थे। इसके बाद उन्होंने एक बड़ी जनसभा का भी आयोजन किया गया था, जिसमें उन्होंने कांग्रेस के सामने चुनाव लड़ने का बसपा से एलान करते हुए नामांकन पत्र दाखिल किया था। लेकिन नामांकन वापसी के अंतिम दिन लाल सिंह ने अपना नाम वापस लिया है। लाल सिंह के नामांकन वापसी से पूर्व बसपा के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी गिड़गिड़ाते रहे और लाखों जतन किए।

लेकिन लाल सिंह ने अपना नामांकन जिला निर्वाचन अधिकारी पूजा पथ के समक्ष पहुंचकर वापस लिया है। बता दें कि लाल सिंह पूर्व में बसपा से पहले कांग्रेस के पदाधिकारी भी रहे हैं। लेकिन कांग्रेस ने वैभव गहलोत को जालौर-सिरोही से प्रत्याशी बनाए जाने के बाद उन्होंने कांग्रेस को छोड़ दिया था। अब वापस उन्होंने बसपा से चुनाव नहीं लड़ने और कांग्रेस के समर्थन में अपना नाम वापस लिया है।

---

**पूर्व राष्ट्रपति ने वृद्धाश्रम के स्थापना दिवस कार्यक्रम में की शिरकत**

# बुजुर्ग बोझ नहीं, वे हमारी एसेट और अनुभव का खजाना: कोविंद

### मेवाड़ शूरवीरों और दानवीरों की धरती

बेधड़क | उदयपुर

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद मेवाड़ के दौरे पर हैं। सोमवार को उदयपुर में वृद्धाश्रम के स्थापना दिवस कार्यक्रम में उन्होंने शिरकत की। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि "बुजुर्ग बोझ नहीं, वे एसेट हैं। वे अनुभव का खजाना हैं, वे हमारी सम्पत्ति हैं। बुजुर्गों का होना एक आश्वासन है। एक परिवार में बुजुर्गं की बहुत उपयोगिता होती है। हर काल और समय में उनकी उपयोगिता सार्थक होती है।

हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि बुजुर्गों में अनुभव का धन और आत्मविश्वास का बल होता है। इस दौरान मेवाड़ का जिक्र करते हुए कहा कि मेवाड़ शूरवीरों और दानवीरों की धरती है। तारा संस्थान के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मां द्रोपदी देवी आनंद वृद्धाश्रम में सोमवार को आयोजित समारोह में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने अपने विचार व्यक्त किए। इससे



पहले तारा संस्थान की संस्थापक अध्यक्ष कल्पना गोयल एवं संस्थापक सचिव दीपेश मित्तल ने पूर्व राष्ट्रपति का स्वागत किया। पूर्व राष्ट्रपति कोविंद ने कहा कि हर परिवार की अपनी अलग कहानियां होती हैं। कोई कहानी छोटी होती है, कोई बड़ी होती है।

उन्हें सुनने और सुनाने में ही हमारा जीवन गुजर जाता है, इसलिए हमें यह सोचना चाहिए कि हमने आज तक केवल लिया ही है। जिस दिन आप में देने का भाव आ जाएगा, यकीन मानिए जितना आनद लेने में आ रहा था, उससे दोगुना आनंद देने में आएगा।

### मेवाड़ के बारे में कही ये बड़ी बात

कोविंद ने मेवाड़ की पवित्र पावन धरती की महानता को दर्शाते हुए कहा कि इस धरती पर महाराणा प्रताप, भामाशाह और मीराबाई जैसी महान विभूतियों ने जन्म लिया है। उन्हें देश ही नहीं दुनिया में महानता प्रदान की जाती है। उदयपुर के लोग अपनी सभ्यता और संस्कृति के लिए कभी भी पीछे नहीं हटते है। इस धरा की कहानियां प्रेरणादायी हैं। महाराणा प्रताप, भामाशाह और मीराबाई का स्थान भारत के इतिहास में सर्वोच्च है। उन्होंने मानव जीवन की श्रेष्ठतम परम्पराओं को अपने-अपने हिसाब से जिया और निभाया। महाराणा प्रताप ने प्रजा के साथ ही अपने राष्ट्र और धर्म संस्कृति की रक्षा के लिए घास की रोटी तक खाई, लेकिन इस पर आंच नहीं आने दी।

### हमारे लिए स्पेशल डे

कार्यक्रम में संस्थान की संस्थापक अध्यक्ष कल्पना गोयल ने कहा कि हमारे आग्रह पर कोविंद ने स्वीकृति दे दी और हमारा सपना पूरा साकार हो गया है। मैं घबराती थी कि वे देश के सर्वोच्च व्यक्ति के पास जा रहे है कैसे क्या होगा लेकिन जब मैं कोविंद को आमंत्रण देने गई तब उनकी सहजता ने मुझे बहुत प्रभावित किया। आज वे यहां आए तो मेरे और यहां रहने वाले बुजुर्गों को बहुत खुशी है। आज यहां रहने वालों और हमारे लिए स्पेशल डे है। गोयल ने कहा कि जब हमने अस्पताल शुरू किया तब कुछ बुजुर्गों से मिलना हुआ। तब यह लगा कि उनकी जिंदगी मुश्किल भरी हो रही है तब हमने इसकी शुरूआत की। खास बात है कि उनमें से कोई नहीं ठहरा लेकिन बाद में इसकी संख्या दिनोंदिन बढ़ती गई। आज बुजुर्गों की सेवा करते हुए हमें बड़ी खुशी है।

**कोई भी व्यक्ति भूखा ना रहे**

पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि आज तो हम ऐसा सोच भी नहीं सकते, जैसा महाराणा प्रताप ने करके दिखाया था। भामाशाह ने अपने धन का सदुपयोग करते हुए सारा धन राष्ट्र और धर्म संस्कृति की रक्षा के लिए दान कर दिया। वे चाहते थे कि कोई भी व्यक्ति भूखा ना रहे और कोई भी गरीबी की वजह से धर्म ना छोड़े। मीराबाई की भक्ति इतनी उच्च कोटि की थी, कि उन्होंने श्रीकृष्ण पर ही विश्वास किया, चाहे उन्हें जहर ही क्यों न पीना पड़ा। मेवाड़ की इसी परोपकार, राष्ट्रधर्म संस्कृति की रक्षा की भावना ने उन्हें हमेशा प्रभावित किया है। दीन-दुखियों की सेवा करना ही ईश्वर की सेवा करने के समान है।

---

**नए सिस्टम की कवायद**

# अजमेर को मिलेगा 312 एमएलडी अतिरिक्त पानी



बेधड़क | अजमेर

जलदाय विभाग अजमेर के लिए वर्ष 2053 के प्लान पर काम कर रहा है। इसके लिए नया सिस्टम विकसित करने की कवायद जारी है।

जलदाय विभाग को बीसलपुर प्रोजेक्ट-3 के लिए अजमेर की प्रोजेक्ट विंग के प्रस्ताव को आचार संहिता के बाद मंजूरी मिलने के आसार हैं। जल संसाधन विभाग (डब्ल्य आरडी) की सहमति के बाद इस माह इस प्रोजेक्ट पर क्रियान्विति शुरू होगी।

प्रोजेक्ट के कुल खर्च की गणना के बाद जयपुर जिले का शेयर भी लिया जाएगा। जलदाय विभाग के नए प्रस्ताव से अजमेर जिले को अतिरिक्त पानी मिलेगा। अजमेर व जयपुर का 966 एमएलडी का नया इंटकवेल बीसलपुर बांध पर बनेगा। इसमें जयपुर का 654 तथा अजमेर का हिस्सा 312 एमएलडी का होगा। यहां नया पंप हाउस भी बनाया जाएगा। बीसलपुर इंटेकवेल के सिविल निर्माण पर 60-65 करोड़ रुपए खर्च होंगे। प्रोजेक्ट को पूरा होने में 2-3 साल लगने की संभावना है। जलदाय विभाग का वर्तमान जलतंत्र 1994 में 5 लाख की आबादी के लिए 2022 तक के लिए डिजाइन किया गया था। अब आबादी बढ़ कर 8 लाख से अधिक हो चुकी है। इसलिए अब नए सिरे से जलतंत्र विकसित किया जाएगा।

### बीसलपुर से 102 किमी नई लाइन डाली जाएगी

इस प्रोजेक्ट से वर्ष 2038 तक अजमेर को 160 एमएलडी पानी मिलेगा। आबादी में बढ़ोतरी के बाद 2053 तक 312 एमएलडी पानी उपलब्ध करवाया जाएगा। सरवाड़-केकड़ी में लाइन, पंप हाउस और फिल्टर प्लांट पर 1041 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इस प्रोजेक्ट के तहत बीसलपुर इंटेकवेल से केकड़ी पंप हाउस तक 44 किमी नई लाइन डाली जाएगी।

---

**आबूरोड रीको थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई**

# दो करोड़ के आभूषण किए जब्त

बेधड़क | सिरोही

लोकसभा चुनाव के तहत जिले के आबूरोड रीको थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने मावल चौकी के पास नाकाबंदी के दौरान एक कार से 2 किलो सोना और 31 किलो से अधिक चांदी जब्त की है। पुलिस ने कार को भी बरामद कर लिया है। रीको थानाधिकारी सीताराम ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के निर्देशन में चल रहे विशेष अभियान के तहत आबूरोड रीको थानाधिकारी सीताराम के नेतृत्व में मावल



चौकी पर पुलिस ने रविवार देर रात को नाकाबंदी की हुई थी। इस दौरान एक गुजरात पासिंग कार को रुकवाकर उसकी तलाशी ली गई। कार में 2 किलो सोना और 31 किलो से अधिक चांदी बरामद हुई। बरामद आभूषण के बारे में कार सवार लोगों से पूछताछ की गई तो वो कोई संतुष्टि पूर्ण जवाब नहीं दे पाए। उन्होंने आभूषण से संबंधित आवश्यक दस्तावेज भी प्रस्तुत नहीं किए। इस पर टीम ने कार और आभूषणों को जब्त कर लिया। रीको थानाधिकारी सीताराम ने बताया कि बरामद आभूषण की कीमत करीब 2 करोड़ 15 लाख रुपए आंकी जा रही है। लोकसभा चुनाव को लेकर राजस्थान गुजरात सीमा पर स्थित मावल चौकी पर विशेष निगरानी बरती जा रही है। इसी के तहत ये कार्रवाई की गई है।

---

**भीलवाड़ा से कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. सीपी जोशी ने की जनसभा**

# रोजगार के मुद्दे पर जा रहा हूं जनता के बीच

बेधड़क | भीलवाड़ा

भीलवाड़ा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. सीपी जोशी के समर्थन में सोमवार को चुनावी सभा हुई। इसमें डॉ. जोशी ने 2009 से वर्ष 2014 के अपने कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाई।

उन्होंने कहा कि 'पहले मैंने विकास के मुद्दे पर चुनाव लड़ा था और उसका निदान भी किया था, अब मैं रोजगार की समस्या के निराकरण के मुद्दे को लेकर जनता के बीच जा रहा हूं'। सभा के बाद डॉ. जोशी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि 'मैं वर्ष 2009 में यहां




से सांसद चुना गया। जनता ने मुझ पर भरोसा किया। कांग्रेस संगठन ने मुझपर विश्वास जताया और केन्द्र में मंत्री बनाया। इस पर मैंने जनसमस्याओं के निराकरण का काम किया। पानी की समस्या दूर की। पहले मैंने विकास के मुद्दे पर चुनाव लड़ा था और निदान किया। अब मैं रोजगार की समस्या के निराकरण के मुद्दे को लेकर जनता के बीच जा रहा हूं। यहां खनिज संसाधनों का भंडार है, इसलिए यहां भीलवाड़ा में उद्योग धंधों का स्कोप खूब है'। सभा में कांग्रेस के पूर्व मंत्री रामलाल जाट का आयकर विभाग द्वारा कांग्रेस के खाते फ्रीज करने का दर्द छलक पड़ा।

उन्होंने कहा कि बैंक खाते आयकर विभाग ने फ्रीज कर दिए, इसलिए अब जनता को जितना सहयोग हो सके, उतना चुनाव में करना है। सभा के बाद जोशी ने आसींद विधानसभा क्षेत्र के जयनगर गांव में बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया। इस दौरान उन्होंने वर्ष 2009 से वर्ष 2014 के अपने कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाते हुए कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील की।

---

**श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर करधनी को मिला प्रथम पुरस्कार**

# जैन सभा ने रक्तदान आयोजक मंदिरों व संस्थाओं को किया सम्मानित

बेधड़क | चाकसू

राजस्थान जैन सभा के तत्वावधान में भगवान महावीर के 2623वें जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष में 29 मंदिरों एवं स्थानों पर आयोजित किए गए रक्तदान शिविरों के आयोजक जैन मंदिरों एवं अन्य संस्थाओं का सम्मान समारोह कीर्तिनगर के श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में आयोजित किया गया।

इस मौके पर मंदिर कमेटियों एवं सहयोगी संस्थाओं के पदाधिकारियों को प्रतीक चिन्ह भेट कर सम्मानित किया गया। राजस्थान जैन सभा के मंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि सभा अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन एवं महामंत्री मनीष बैद के



आतिथ्य में आयोजित अभिनन्दन समारोह का शुभारंभ मीना चौधरी द्वारा नमन हमारा अरिहंतो को... मंगलाचरण प्रस्तुति से हुआ। इस मौके पर दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी के अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल, श्री महावीर दिगम्बर जैन शिक्षा परिषद जयपुर के अध्यक्ष उमराव मल संघी, प्रसिद्ध समाज सेवी समाजश्रेष्ठी अशोक चांदवाड, पूर्व पार्षद आशा काला एवं मंदिर समिति के मंत्री जगदीश जैन अतिथि के रूप में शामिल हुए।

अतिथियो का तिलक एवं दुपट्टा पहनाकर सभा के अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं रक्तदान शिविरों के मुख्य समन्वयक दर्शन बाकलीवाल, कोषाध्यक्ष एवं रक्तदान शिविरों के समन्वयक राकेश छाबड़ा, कार्यकारिणी सदस्य एवं रक्तदान शिविरों के मुख्य संयोजक राजीव पाटनी, सभा के मंत्री विनोद जैन कोटखावदा एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने स्वागत एवं सम्मान किया।

### जैन सोश्यल ग्रुप सिद्धा झोटवाड़ा को द्वितीय पुरस्कार

मुख्य संयोजक राजीव पाटनी ने रक्तदान शिविरों में हुए रक्तदान के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी। तत्पश्चात सभी 29 मंदिरों एवं स्थानों पर रक्तदान शिविर आयोजित करने के लिए मंदिर कमेटियों सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों का सभा की ओर से प्रतीक चिन्ह भेट कर अभिनन्दन किया। इस मौके पर सर्वाधिक रक्त एकत्रित करने के लिए श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर करधनी झोटवाड़ा को प्रथम पुरस्कार, श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर एवं जैन सोश्यल ग्रुप सिद्धा झोटवाड़ा को द्वितीय पुरस्कार एवं हीअर फॉर यू ट्रस्ट झोटवाड़ा को तृतीय पुरस्कार से विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस मौके पर सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गुंजायमान हो उठा।सभा के अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन ने सभी को मानव सेवार्थ कार्य के लिए साधुवाद देते हुए महावीर जयंती के अवसर पर रविवार 14 अप्रैल एवं रविवार 21 अप्रैल को सभा द्वारा किये जाने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। मुख्य समन्वयक दर्शन बाकलीवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन महामंत्री मनीष बैद ने किया।

### रक्तदान कर जरूरतमंद को दें जीवनदान

राजस्थान जैन समाज के आह्वान पर जैन मंदिरों में समिति द्वारा रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया।जिसके तहत श्री वर्धमान जैन साधना समिति एवं न्यू लाइट कॉलोनी विकास समिति के संयुक्त तत्वाधान में णमोकार भवन जैन मंदिर न्यू लाइट कॉलोनी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 40 पुरुषों चार महिलाओं ने रक्तदान कर जरूरतमंद को जीवनदान... पर जोर दिया। श्री वर्धमान जैन साधना समिति के मंत्री अभय कुमार चोरडिया रतनलाल जैनएवं न्यू लाइट कॉलोनी विकास समिति के अध्यक्ष विनोद कालानी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में फार्मासिस्ट ओमप्रकाश मीणा के द्वारा रक्तदान कर प्रेरित किया गया एवं रक्तदान महादान के प्रेरणा स्रोत लोगों को जीवन में रक्तदान से होने वाले लाभ के बारे में अवगत कराते हुए रक्तदान कार्यक्रम संपन्न करवाया। संयोजक सूर्य प्रकाश छाबडा एवं फार्मासिस्ट ओम प्रकाश मीणा ने बताया कि विगत वर्षों से अनवरत इस रक्तदान शिविर का आयोजन करते आ रहे हैं। कार्यक्रम में महिलाओं ने युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और इस बार गत वर्ष से अधिक यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रक्तदान शिविर को सफलता संपन्न करवाने हेतु स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक की मेडिकल टीम का आभार व्यक्त किया। साथ ही प्रेम शांति पब्लिक स्कूल के एल्युमिनिआई छात्रो में ओम प्रकाश मीणा, अवधेश शर्मा डी.ओ आर.टी.ओ, प्रणव शर्मा, मितेश वर्मा एवं अन्य एल्युमिनिआई छात्रों ने स्वयं रक्तदान किया।

### 58 साल की रेणु सिंघी ने जोधपुर के प्रद्युम्न सिंह के साथ किया 340 किमी का सफर

# जहां चलना मुश्किल, वहां किया 125 किलोमीटर साइकिल पर सफर

**बेधड़क** | जयपुर

देश-विदेश की कई प्रतियोगिताओं में अपना लोहा मनवा चुकी जयपुर की 58 वर्षीय साइक्लिस्ट रेणु सिंघी ने एक और उपलब्धि अपने नाम की है। उन्होंने देश के सबसे दुर्गम रास्तों में से एक माने जाने वाले रास्ते मियाओ से विजयनगर (अरुणाचल प्रदेश) के करीब 125 किलोमीटर का चुनौतीपूर्ण साइकिलिंग का सफर पूरा किया है। ऐसा करने वाली वे संभवतया देश की पहली महिला हैं। जोधपुर के 61 वर्षीय होटल व्यवसाई प्रद्युम्न सिंह ने भी उनके साथ यह सेल्फ सपोर्ट टास्क पूर्ण की। दोनों ने पांच दिन में असम, अरुणाचल प्रदेश व नागालैंड में करीब 340 किलोमीटर की माउंटेन टेरेन बायसाइक्लिंग (एमटीबी) की। उन्होंने इस चुनौतीपूर्ण सफर के बारे में बताया कि असम के डिब्रूगढ़ से इसकी शुरुआत की। पहले दिन 126 किलोमीटर साइकिलिंग कर जयरामपुर रुके। दूसरे दिन वहां से म्यांमार बॉर्डर के करीब स्थित पंगसौ पास गए।

### स्थानीय लोगों को हुआ काफी आश्चर्य

इस एमटीबी के अनुभवों के बारे में रेणु सिंघी व प्रद्युम्न सिंह ने बताया कि यह एक एडवेंचरस जर्नी थी, जिसमें हमने उस क्षेत्र के लोगों के रीति-रिवाज करीब से देखे, जयरामपुर में म्यांमार व भारत सरकार द्वारा लगाए जाने वाला मार्केट देखा। हमें असम राइफल्स व अरुणाचल प्रदेश के वन विभाग का काफी सपोर्ट मिला। विजयनगर के एंड पॉइंट से वापस लौटने पर स्थानीय लोगों को काफी आश्चर्य हुआ कि पैदल चलने के लिए भी अत्यधिक मुश्किल रास्तों पर हमने साइकिलिंग कैसे पूरी कर ली। उन्होंने कहा कि इस सफर के दौरान हमें लोगों को भरपूर सहयोग और प्यार मिला। लोगों ने हमारे अनुभव के बारे में बात की और हमारे कदम की सराहना की।

घने जंगल और पहाड़ों की चढ़ाई होने से 12 किलोमीटर का सफर तय करने में ही चार घंटे लगे। फिर 45 किलोमीटर साइकिलिंग कर अरुणाचल प्रदेश के नामपोंग लौटे। अगले दिन मियाओ से बर्मा नाल तक का 35 किलोमीटर का सफर पांच घंटे में पूरा किया।



### झरने से पीना पड़ा पानी

प्रद्युम्न सिंह ने बताया कि अगली सुबह बर्मा नाल से विजयनगर के लिए रवाना हुए, जो हमारे जीवन में अभी तक की सबसे मुश्किल टास्क थी। इस दुर्गम राह पर साइकिलिंग करना असंभव है, लेकिन हम आगे बढ़े। 80 किलोमीटर की इस एमटीबी में 50 किलोमीटर अत्यंत मुश्किल थे। हमने झरने से पानी पिया यात्रा एक रोमांचकारी अनुभव रहा। इसके बाद अंतिम दिन हम गाड़ी से आसाम के सोनारी आए, जहां से साइकिल से नागालैंड बॉर्डर पर मोन (सोनारी) गए। खड़ी पहाड़ी चढ़ाई की वजह से 52 किलोमीटर पहुंचने में सात घंटे लगे।

### आयरन लेडी नाम से मिल चुकी है पहचान

साइकिलिंग के जुनून से रेणु सिंघी लोगों के लिए आज एक मिसाल बन चुकी हैं और साइक्लिंग ग्रुप में उन्हें आयरन लेडी माना जाता है। 'लंदन-एडिनबर्ग-लंदन 2022' करने वाली वे एकमात्र भारतीय महिला हैं और 11 बार एसआर का स्टेटस ले चुकी हैं। रेणु सिंघी अगस्त-19 में फ्रांस में 'पेरिस—बे—पेरिस' में 92 घंटे में 1220 किमी साइकिलिंग कर चुकी हैं।

## Yuva स्टोरीज




### बच्चों को किया स्वास्थ्य के प्रति जागरूक

**जयपुर।** वैशाली नगर स्थित टैगोर पब्लिक स्कूल में स्टूडेंट्स को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुरुआत प्रार्थना सभा में जुम्बा डांस के साथ किया गया। क्लास 10 की स्टूडेंट कल्पना चौहान और टीचर ने अपने संक्षिप्त भाषण में जंक फूड से दूर रहने तथा प्रकृति से जुड़ने का संदेश दिया। इस दौरान क्लास 2 की स्टूडेंट लीजा राणा ने सुमधुर कविता की सुन्दर पंक्तियों को सुनाया । क्लास 6 और 7 के स्टूडेंट्स ने सामूहिक नृत्य के माध्यम से स्वस्थ जीवन शैली अपनाने को प्रेरित किया। इसी क्रम में क्लास 4 से 6 के स्टूडेंट्स ने अपने संक्षिप्त एकांकी से अच्छी और बुरी जीवन शैली पर प्रकाश डाला। हार्टफुलनेस मेडिटेशन के नियमित अभ्यास के माध्यम से स्टूडेंट्स को मानसिक स्वास्थ्य का महत्व भी समझाया गया। क्लास 9 व 10 के स्टूडेंट्स को स्वास्थ्य वर्धक भोजन का महत्व समझाते हुए फ्रूट चाट व स्प्राउट मेकिंग गतिविधि का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में स्कूल की प्रिंसिपल भव्या राठौड़ ने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए नियमित व्यायाम करने तथा मानसिक स्वास्थ्य के लिए नियमित मेडिटेशन करने की प्रेरणा दी।

### सकारात्मक व रचनात्मक के बारे में कराया ज्ञान



**जयपुर।** स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मैनेजमेंट और ग्रामोत्थान के कौशल विकास सेल ने सोमवार को कैंपस टू कॉरपोरेट थीम पर पांच दिवसीय छात्र प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया। पहले दिन के मुख्य वक्ता कार्तिक बाजोरिया रहे, जो एक शिक्षक, प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों में एक प्रसिद्ध स्तंभकार, एक मानसिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता और एक संचार विशेषज्ञ हैं। बाजोरिया ने सकारात्मक प्रवृत्ति और रचनात्मक प्रतिक्रिया की गतिशीलता को सामने लाया। उन्होंने छात्रों को रचनात्मक लहजे में कुछ अत्यंत आलोचनात्मक प्रतिक्रिया प्रस्तुत करने के बारे में कुछ बहुत ही उपयोगी कार्य करने को कहा। यह सत्र कॉर्पोरेट संस्कृति पर एक सशक्त पाठ था। एसकेआईटी में प्रशिक्षण और प्लेसमेंट सेल के प्रमुख प्रोफेसर अंबर श्रीवास्तव ने बाजोरिया का स्वागत किया। कार्यशाला में समय प्रबंधन, रचनात्मक और आलोचनात्मक सोच, ब्रांडिंग रणनीतियों और कई अन्य विषयों पर कई संभावित सत्र होंगे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नेहा पुरोहित, डॉ. खुशबू भारद्वाज, डॉ. शिप्रा मलिक और डॉ. कीर्तिबाला ने संयुक्त रूप से किया है।

### प्राइवेट नौकरी वालों के बच्चों का KVS से नहीं हो सकेगा ट्रांसफर!

**जयपुर।** केंद्रीय विद्यालय संगठन देश में अपनी अच्छी पढ़ाई के लिए प्रसिद्ध हैं। लेकिन इसी बीच केंद्रीय विद्यालय संगठन ने ऐसी जानकारी साझा की है, इसके चलते लाखों पैरेंट्स को झटका लगा है। दरअसल केंद्रीय विद्यालय में सभी कक्षाओं में प्रवेश के लिए सीटों की संख्या में परिवर्तन कर दिया है। वहीं, ट्रांसफर पॉलिसी को भी बदल दिया है। नए नियम के मुताबिक अगर कोई प्राइवेट नौकरी कर रहा है और उनके बच्चों का एडमिशन केंद्रीय विद्यालय में हो जाता है हालांकि, बाद उनका दूसरे राज्य में ट्रांसफर हो जाता है तो बच्चों का दूसरे राज्य में ट्रांसफर नहीं होगा। यानि कि इस स्थिति में बच्चों को उसी केंद्रीय स्कूल में पढ़ना होगा। केंद्रीय विद्यालय संगठन की तरफ से सभी कक्षाओं में 8 सीटें घटा दी गईं हैं। यानि कि पहले जहां सभी कक्षाओं में 40 सीटें होती थीं, वहीं अब हर क्लास में 32-32 सीटें होंगी। केंद्रीय विद्यालय के इस फैसले को भी सरकारी व प्राइवेट दोनों तरह के पैरेंट्स के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। इस फैसले से एडमिशन में प्रतिस्पर्धा भी बढ़ जाएगी।




### जगन्नाथ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय मूट कोर्ट का समापन

# मूट कोर्ट में राज. यूनिवर्सिटी को मिला विजेता का खिताब




**बेधड़क** | चाकसू/जयपुर

जगन्नाथ विश्वविद्यालय के विधि संकाय की ओर से तीन दिवसीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का समापन समारोह आयोजित हुआ।

प्रतियोगिता के अन्तिम दिन फाइनल राउण्ड की प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता के समन्वयक प्रो. एसपीएस शेखावत ने बताया कि राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता में 48 टीमों ने भाग लिया। इसमें से 2 टीमों ने अन्तिम राउण्ड में स्थान पाया।

अन्तिम राउण्ड की बहस के आधार पर जजों की पीठ ने राजस्थान यूनिवर्सिटी जयपुर को विजेता घोषित किया तथा सविता स्कूल ऑफ लॉ चैन्नई को उपविजेता घोषित किया। विश्वविद्यालय ने विजेता टीम को 21 हजार रुपए का नकद पुरस्कार व प्रमाण पत्र तथा एसएससी ऑनलाईन का एक वर्ष मुफ्त सबस्क्रिपशन दिया गया।

वहीं उपविजता टीम को 11 हजार रुपए का नकद पुरस्कार व प्रमाण पत्र दिया गया।

इसी कड़ी में बेस्ट मूटर व श्रेष्ठ रिसर्चर के पुरस्कार भी प्रदान किए गए। श्रेष्ठ अधिवक्ता श्रेया यादव अमिटी लॉ स्कूल, ग्वालियर ने प्राप्त किया तथा श्रेष्ठ रिसर्चर की विजेता मिस इशीता भारद्वाज, राजीव गांधी नेशनल विश्वविद्यालय, पंजाब ने प्राप्त किया। इन दोनों विजेताओं को विश्वविद्यालय की ओर से 5000 रुपए का नकद पुरस्कार दिया गया।

### अतिथियों ने भावी अधिवक्ताओं को दिए केस सॉल्विंग के गुर

राजस्थान विश्वविद्यालय के लॉ विभाग के पूर्व डीन प्रो. जी. के. करकरा मुख्य अथिति तथा वरिष्ठ अधिवक्ता अभिनव शर्मा सी. सी. रत्नू विशिष्ट अतिथि रहे। अपने समापन समारोह में प्रो. जी के. करकरा ने अपने 35 वर्ष के अध्यापन जीवन के अनुभव साझा किए तथा आधुनिक विधि शिक्षा में मूट कोर्ट के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होनें बताया कि किस प्रकार अधिवक्ता को कम समय में केस की स्टडी करके न्यायालय के सम्मुख अपने क्लाइंट या मुवक्किल के बचाव में अपना पक्ष रखना होता है। विशिष्ट अतिथि अभिनव शर्मा ने प्रायोगिक विधि ज्ञान पर जोर डाला तथा वकालत के पेशे में तथ्यों के आधार पर अपना तर्क कोर्ट रुम में प्रस्तुत करने पर जोर दिया। न्यायालय में केस की पैरवी में अनेक तथ्यों को ध्यान में रखकर बहस करनी चाहिए। वरिष्ठ अधिवक्ता सी सी रत्नू ने बताया कि अनुभव के आधार पर ही वकालत में उच्च स्थान प्राप्त किया जा सकता है।

### विश्वविद्यालय ने जताया अतिथियों का आभार




मूट कोर्ट के समन्वयक प्रो. शेखावत ने धन्यवाद भाषण में विश्वविद्यालय के प्रबंधन, कुलपति, उपकुलपति तथा कुलसचिव का धन्यवाद दिया। उन्होंने मुख्य अतिथि तथा न्यायाधीश की भूमिका में आए विशिष्ट अतिथियों का प्रतियोगिता में आकर भावी अधिवक्ताओं को मार्गदर्शन प्रदान करने पर साधुवाद दिया। प्रतियोगिता के सफल संचालन में प्रतियोगिता के संयोजक अभिषेक विश्नोई व उनकी टीम का सहयोग रहा। जगन्नाथ विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. एस.एल. शर्मा ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### अजीज पब्लिक स्कूल में पुण्यतिथि मनाई

## मंगल पांडे के बलिदान से बच्चों को कराया वाकिफ



**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी के रामगढ़ रोड़ लालावास स्थित अजीज पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता सेनानी मंगल पांडे की पुण्यतिथि मनाई गई। मंगल पांडे की पूण्यतिथि पर बच्चों ने खीराजे अकीकद पेश की। स्कूल के बच्चों के लिए एक क्विज का प्रोग्राम में सात टीम में बनाई गई। रज़िया सुल्तान, चांद बीबी ,फातिमा शेख, डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम, अल्लामा इकबाल, निगत जरीन, मौलाना अब्दुल कलाम सभी बच्चों ने क्विज में शानदार जवाब दिए । प्रतियोगिता में टीम अल्लामा इकबाल अव्वल रही, दूसरे नंबर पर चांद बीबी और तीसरे नंबर पर डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम टीम रही। स्कूल के प्रिंसिपल शारीफ ने कहा कि पहली बार ऐसा क्विज का प्रोग्राम आयोजित हुआ है। सभी विजेता बच्चों को मोमेंटो के साथ प्रशस्ति पत्र भी दिया गया तथा बच्चों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। साथ ही बच्चों को हरिदेव जोशी यूनिवर्सिटी की उपाध्यक्ष सारा इस्माइल ने मंगल पांडे के बारे में बताते हुए कहा कि मंगल पांडे देश के उन स्वतंत्रता सेनानियों में थे, जिन्होंने हंसते-हंसते अंग्रेजों के सामने फांसी का फंदा अपने गले में डाला और देश के लिए शहीद हुए।

## निर्वाण यूनिवर्सिटी व सुबोध कॉलेज के बीच एमओयू

**बेधड़क** | जयपुर

निर्वाण यूनिवर्सिटी जयपुर और एसएस जैन सुबोध पीजी कॉलेज जयपुर के बीच एक एमओयू साइन हुआ है। एमओयू का उद्देश्य इन दोनों संस्थानो के बीच संयुक्त रूप से उच्च शिक्षा में अकादमिक प्रयास और योगदान है।

इस एमओयू के तहत दोनों संस्थानों के मध्य आने वाले समय में वर्कशॉप, सेमिनार, सिंपोसियम, कॉन्फ्रेंस और संयुक्त रूप से अकादमिक कोर्स संचालित होना तय हुआ है। इस अवसर पर निर्वाण यूनिवर्सिटी के चैयरमेन डॉ. एसएल सिहाग, वाइस चेयरमेन डॉ. आरके अरोड़ा, कुलपति प्रो. अरविंद कुमार अग्रवाल तथा एसएस जैन सुबोध पीजी कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. के. डी. शर्मा एवं डीन अकेडेमिक्स प्रो. राजेश यादव उपस्थित रहे। दोनों ही संस्थानों के वरिष्ठ गणमान्यों का कहना है कि इस एमओयू से दोनों संस्थान शिक्षा में नवाचार स्थापित करेंगे।

साथ ही नवीन शिक्षा नीति के अनुसार विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अपना योगदान देंगे। इसके साथ ही कुछ प्रोफेशनल और स्किल कोर्सेस भी प्रारम्भ करने कि योजना है जिससे युवाओं में रोजगार के अवसर बढ़ सकें।

**काउंसलिग** | सीकर रोड स्थित एनके पब्लिक स्कूल में किया गया कार्यक्रम

# नाटक से बच्चों को समझाया गुड टच और बैड टच

**बेधड़क** | जयपुर

सीकर रोड़, राजावास स्थित एनके पब्लिक स्कूल में कक्षा नर्सरी से पांचवी तक के विद्यार्थियों को अभिनय के माध्यम से "गुड टच " और "बैड टच "के बारे में विस्तृत जानकारी देने के लिए काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें विद्यालय की काउंसलर उर्मिला चौधरी के द्वारा दी गई।

दरअसल "अच्छा स्पर्श "और "बुरा स्पर्श "गतिविधि करवाने का मुख्य उद्देश्य है बच्चों द्वारा अनुचित व्यवहार को पहचानना तथा उसके लिए 'ना' बोलना सीखना। यह शिक्षा उनकी मासूमियत और अखंडता की रक्षा एक ढाल के रूप में करती है।







विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ. एनसी लूनायच द्वारा इस गतिविधि की प्रशंसा की गई तथा बच्चों की सुरक्षा में इसे एक मजबूत कदम बताया। विद्यालय के निदेशक कुलदीप सिंह ने इस कार्यशाला के लिए विद्यालय के होनहार विद्यार्थियों को धन्यवाद देते हुए बताया की किस प्रकार असहज अथवा असुरक्षित स्थिति में समस्या से बाहर निकल जाए। विद्यालय की प्रधानाचार्या कविया प्रेमा ने बच्चों को व्यक्तिगत क्षेत्र और कृतज्ञता के भाव के बारे में समझाया। कार्यक्रम में उप प्रधानाचार्य गौरव माथुर, समन्वयक राम अवतार खूंटेटा, नीलम पांडे, स्टाफ सेक्रेटरी पूनम शर्मा सहित सभी अध्यापक-अध्यापिकाएं उपस्थित रहे।

## स्फूर्ति, उत्साह और विकास प्रवर्द्धक मूलाधार चक्र की अधिष्ठात्री शैलपुत्री




अशोक 'प्रवृद्ध'
स्वतंत्र टिप्पणीकार


भगवती दुर्गा की अराधना के लिए चैत्र मास और आश्विन मास में आने वाली नवरात्र काल उत्तम मानी जाती है। चैत्र और आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवमी तक धूमधाम से आदिशक्ति की पूजा होती है। चैत्र माह की नवरात्रि को वासन्तीय नवरात्रि और अश्विन माह की शारदीय नवरात्रि कहते हैं। वासन्तीय नवरात्रि चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवमी तक मनाई जाएगी। इस वर्ष 2024 में यह तिथि 9 अप्रैल से 17 अप्रैल की होगी।

ऐसी मान्यता है कि चैत्र नवरात्र के पहले दिन अर्थात चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को आदिशक्ति प्रकट हुई थी और उनके कहने पर ब्रह्मा ने सृष्टि निर्माण का शुरु किया था, जबकि आश्विन माह में शारदीय नवरात्रि आदिशक्ति मां दुर्गा यानी महिषासुरमर्दिनी को समर्पित है। चैत्र नवरात्रि को राम नवरात्रि के नाम से भी जाना जाता है। इस उत्सव के नौवें दिन को भगवान राम के जन्मदिन के रूप में रामनवमी मनाई जाती है। दुर्गा के कल्याणप्रद स्वरूप में प्रथम नवरात्रि की देवी शैलपुत्री हैं। इसलिए शैलपुत्री को दुर्गा का प्रथम अवतार या प्रथम दुर्गा कहा जाता है।

शैलपुत्री का अर्थ पहाडों की पुत्री होता है। जगदम्बा का प्रथम रूप शैलपुत्री अति कल्याणकारी है। देवी शैलपुत्री मूलाधार चक्र की अधिष्ठात्री देवी हैं, जो मानव जाति के आध्यात्मिक ज्ञान की शुरुआत का प्रतीक है। ऐसी मान्यता है कि मूलाधार चक्र की पूजा करने से सभी चीजों को पूर्ण करने की शक्ति मिलती है। माता का यह रूप अत्यंत सुप्रसिद्ध है। नवरात्र में इनकी उपासना का प्रथम दिन निर्धारित है। नवरात्रि के प्रथम दिन शैलपुत्री के पूजन से मूलाधार चक्र जागृत होता है। तांत्रिक ग्रंथों के अनुसार मनुष्य के भीतर गहरे आवरण में छिपी हुई एक रहस्यमयी शक्ति निवास करती है, जो सर्परी की भांति मूलाधार चक्र में गोल घूम रही हैं। मूलाधार चक्र तंत्र और योग साधना की चक्र संकल्पना का पहला चक्र है। मूल का अर्थ है- जड़ और आधार का अर्थ है- नींव। यह मूलाधार चक्र अनुत्रिक के आधार में स्थित है। यह मानव चक्रों में सबसे पहला है। इसका समान रूप मंत्र लम है। मूलाधार चक्र पशु और मानव चेतना के मध्य सीमा निर्धारित करता है। इसका संबंध अचेतन मन से है, जहां विगत जीवनों के कर्म और अनुभव संग्रहित होते हैं। इसलिए कर्म सिद्धान्त के अनुसार यह चक्र हमारे भावी प्रारब्ध का मार्ग निर्धारित करता है।

> नवदुर्गा का प्रथम रूप मानी जाने वाली शैलपुत्री कई प्रकार की रोगों, समस्याओं में काम आने वाली औषधि हरड़, हिमावती है, जो देवी शैलपुत्री का ही एक रूप हैं। यह आयुर्वेद की प्रधान औषधि है, जो पथया, हरीतिका, अमृता, हेमवती, कायस्थ, चेतकी और श्रेयसी सात प्रकार की होती है। हरीतिका भय को हरने वाली है। इस वर्ष 2024 में आगामी 9 अप्रैल दिन मंगलवार से शारदीय नवरात्रि का आरंभ हो रहा है। शारदीय नवरात्रि का प्रथम दिवस 9 अप्रैल दिन मंगलवार को पड़ने के कारण इस दिन माता शैलपुत्री का पूजन किया जाएगा।

यह चक्र व्यक्तित्व के विकास की नींव अर्थात आधार भी है। यह शक्ति मनुष्य के भीतर मूलाधार चक्र से लेकर मस्तिष्क तक प्रकाशित होती रहती हैं। इस शक्ति का संबंध ब्रह्मांड से है। और यह ब्रह्मांड से जुड़ी है। संपूर्ण ब्रह्मांड एक चक्र से जुड़ा है, जिसे सहस्त्रहार चक्र कहा जाता है । मानव शरीर में सप्त प्रकार के सप्तचक्र होते हैं। प्रत्येक चक्र में सहस्त्र प्रकार की शक्तियां और अनेक प्रकार के अनुभव छूपे हुए हैं। साधक के द्वारा इस शक्ति को जागृत कर लिए जाने से उसका जीवन बदलने लगता है। और यह संपूर्ण ब्रह्मांड को संचालित करने वाली ऊर्जा उसके भीतर शनैः- शनैः उतरने लगती हैं, तथा साधक विराट अस्तित्व से जुडकर उसका स्वामी बनने लगता है। सप्त चक्रों में से मूलाधार चक्र एक दिव्य चक्र है। मूलाधार चक्र की सकारात्मक उपलब्धियां स्फूर्ति, उत्साह और विकास हैं। नकारात्मक गुण हैं- सुस्ती, निष्क्रियता, आत्म-केन्द्रित (स्वार्थी) और अपनी शारीरिक इच्छाओं द्वारा प्रभावित होना है। यह मानव शरीर के कायाकल्प का मार्ग है। योग का सम्पूर्ण सिद्धांत मूलाधार से विकसित होकर इस शरीर के विभिन्न उपयोग से लेकर मनुष्य के अपनी परम संभावना तक पहुचने से संबंधित है। इसका उपयोग कर शरीर को चट्टान की भांति कठोर बनाया जा सकता है।

समय के साथ मानव शरीर के कई अंग शिथिल पड़ने अथवा खराब होने लगते हैं, परंतु योग साधन द्वारा उन्हें इस तरह से स्थिर किया जा सकता है कि ये बदलाव पूरी तरह रुक तो नहीं जाता, लेकिन उन्हें इस सीमा, इस हद तक धीमा किया जा सकता है कि उम्र के ढलने का अहसास ही न हो सके। मूलाधार चक्र शारीरिक रुप से मजबूत करता है। यह चक्र नए जीवन की शुरुआत होने वाले ग्रंथियों को नियंत्रित करता है। इससे मानसिक रुप से स्थिरता प्राप्त होती है। भावनाओं, काम वासनाओं और इंद्रिय सुख में समन्वय स्थापित करने में सहायक होता है। मूलाधार चक्र की देवी महाकाली हैं। यह ब्रह्माण्ड की ऊर्जा खींचते चले आने का द्योतक है। यह चेतना के ऊर्ध्व प्रसार का भी बोध कराता है। इस चक्र का प्रतिनिधि पशु सात सूंडों वाला हाथी है। हाथी बुद्धि का प्रतीक है। सात सूंडें पृथ्वी के सात खजानों अर्थात सप्तधातु की प्रतीक हैं। मूलाधार चक्र का अनुरूप तत्त्व पृथ्वी है, जो हमारी आधार और माता है और हमें ऊर्जा और भोजन उपलब्ध कराती है। मानव शरीर में मूलाधार चक्र के अतिरिक्त अन्य चक्र- स्वाधिष्ठान चक्र, मणिपुर चक्र, अनाहत चक्र, विशुद्धि चक्र, आज्ञा चक्र, बिंदु चक्र, सहस्रार चक्र अवस्थित हैं, जिनका तंत्र व योग साधना में अपना अलग महत्व है। यह उपवास दिव्यता और आत्मा की शुद्धि का प्रतीक होता है।

नवरात्रि के नौ दिन जीवन में उमंग एवं उर्जा शक्ति का संचार करते हैं, देवी भगवती के नौ स्वरूपों की आराधना करने से तन और मन दोनों निर्मल हो जाते हैं, जिससे रोग और शोक दूर होने लगते हैं। पौराणिक मान्यतानुसार सम्पूर्ण जड़ पदार्थ अथवा अपरा प्रकृति से उत्पन्न शैलपुत्री भगवती का पहला स्वरूप हैं। मिट्टी(पत्थर), जल, वायु, अग्नि व आकाश इन पंच तत्वों पर ही निर्भर रहने वाले जीव शैल पुत्री के प्रथम रूप हैं। इस पूजन का अर्थ है प्रत्येक जड़ पदार्थ अर्थात कण-कण में परमात्मा के प्रकटीकरण का अनुभव करना। योनि चक्र के तहत घास, शैवाल, काई, पौधे इत्यादि शैलपुत्री हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

### मान्यता के अनुसार इसी दिन आदिशक्ति के आदेश पर हुआ था सृष्टि का प्रारम्भ

# भारतीय नववर्ष उत्सव का उमंग




डॉ. सौरभ मालवीय
वरिष्ठ साहित्यकार


भारतीय नववर्ष के साथ अनेक त्योहार आते हैं। इनमें चैत्र शुक्लादि, नवरेह, गुड़ी पड़वा, उगादि, साजिबु नोंगमा पांबा अथवा साजिबु चेराओबा एवं चेटीचंड आदि सम्मिलित हैं। चैत्र शुक्लादि विक्रम संवत के नववर्ष के प्रारम्भ का प्रतीक है। इसे वैदिक अथवा हिन्दू कैलेंडर के रूप में भी जाना जाता है। इस दिन से नवरात्रि का प्रारम्भ होता है। भारतीय नववर्ष के साथ वसंत ऋतु का भी आगमन होता है। इसलिए ये सब त्योहार वसंत के उत्सव हैं।




**नवरेहः** जम्मू कश्मीर में नवरेह का त्योहार हर्ष एवं उल्लास से मनाया जाता है। नव चंद्रवर्ष के रूप में मनाया जाने वाला यह त्योहार उत्साह एवं रंगों का उत्सव है। यह कश्मीरी पंडितों का विशेष त्योहार माना जाता है। त्योहार से एक दिन पूर्व वे पवित्र विचर नाग के झरने की यात्रा करते हैं। इसके पश्चात वे पवित्र जल में स्नान करके अपनी समस्त मलिनताओं का त्याग करते हैं। इसके पश्चात् वे पूजा-अर्चना करके प्रसाद ग्रहण करते हैं। यह प्रसाद चावल एवं विभिन्न प्रकार की जड़ी-बूटियों से बनाया जाता है। नवरेह के प्रातःकाल में वे लोग सर्वप्रथम चावल से भरे पात्र को देखते हैं। उनका मानना है कि ऐसा करने से घर में समृद्धि आती है, क्योंकि चावल धन-धान्य एवं समृद्धि का प्रतीक है।

**गुड़ी पड़वाः** महाराष्ट्र में गुड़ी पड़वा का त्योहार धूमधाम से मनाया जाता है। गुड़ी का अर्थ है विजय पताका तथा पड़वा का अर्थ है चंद्रमा का प्रथम दिवस। इस दिन लोग बांस के ऊपर चांदी, तांबे अथवा पीतल के कलश को उल्टा रखते हैं। कलश पर स्वास्तिक का चिह्न बनाया जाता है। बांस पर केसरिया रंग का पताका लगाया जाता है। तदुपरान्त इसे नीम एवं आम की पत्तियां और पुष्पों से सुसज्जित किया जाता है। देश के विभिन्न भागों में इसे भिन्न-भिन्न नामों से जाना जाता है। गुड़ी पड़वा गोवा में संवत्सर पड़वा के रूप में मनाया जाता है। केरल में इसे संवत्सर पड़वो के रूप में मनाया जाता है। आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक एवं तमिलनाडु सहित दक्षिण भारत के कई क्षेत्रों में इसे उगादी के रूप में मनाया जाता है। राजस्थान में इसे थापना एवं मणिपुर में साजिबु चेराओबा अथवा साजिबु नोंगमा पांबा के रूप में मनाया जाता है। सिन्धी समुदाय के लोग चेटीचंड का त्योहार हर्षोल्लास से मनाते हैं।

> इसी तिथि को राजा विक्रमादित्य ने शकों पर विजय प्राप्त की थी। विजय को चिरस्थाई बनाने के लिए उन्होंने विक्रम संवत का शुभारंभ किया था। तभी से विक्रम संवत चली आ रही है। इसी दिन से महान गणितज्ञ भास्कराचार्य ने सूर्योदय से सूर्यास्त तक दिन, महीने और वर्ष की गणना करके पंचांग की रचना की थी। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का ऐतिहासिक महत्त्व भी है।

**विक्रम संवत का इतिहासः** 9 अप्रैल से विक्रम संवत 2081 का प्रारम्भ चुका है। विक्रम संवत को नव संवत्सर भी कहा जाता है। संवत्सर पांच प्रकार के होते हैं, जिनमें सौर, चन्द्र, नक्षत्र, सावन और अधिमास सम्मिलित हैं। मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुम्भ एवं मीन नामक बारह राशियां सूर्य वर्ष के महीने हैं। सूर्य का वर्ष 365 दिन का होता है। इसका प्रारम्भ सूर्य के मेष राशि में प्रवेश करने से होता है। चैत्र, वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़, श्रावण, भाद्रपद, आश्विन, कार्तिक, अग्रहायण, पौष, माघ और फाल्गुन चन्द्र वर्ष के महीने हैं। चन्द्र वर्ष 355 दिन का होता है। इस प्रकार इन दोनों वर्षों में दस दिन का अंतर हो जाता है। चन्द्र माह के बढ़े हुए दिनों को ही अधिमास या मलमास कहा जाता है।

**विक्रम संवत का महत्त्वः** भारतीय संस्कृति में विक्रम संवत का बहुत महत्त्व है। चैत्र का महीना भारतीय कैलेंडर के हिसाब से वर्ष का प्रथम महीना है। नवीन संवत्सर के संबंध में अनेक पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं। वैदिक पुराण एवं शास्त्रों के अनुसार चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा तिथि को आदिशक्ति प्रकट हुई थीं। आदिशक्ति के आदेश पर ब्रह्मा ने सृष्टि का प्रारम्भ किया था। इसीलिए इस दिन को अनादिकाल से नववर्ष के रूप में जाना जाता है। मान्यता यह भी है कि इसी दिन भगवान विष्णु ने मत्स्य अवतार लिया था। इसी दिन सतयुग का प्रारम्भ हुआ था। मान्यता है कि इसी दिन सम्राट विक्रमादित्य ने अपना राज्य स्थापित किया था। श्रीराम का राज्याभिषेक भी इसी दिन हुआ था। युधिष्ठिर का राज्याभिषेक भी इसी दिन हुआ था। नवरात्र भी इसी दिन से प्रारम्भ होते हैं। इसी तिथि को राजा विक्रमादित्य ने शकों पर विजय प्राप्त की थी। विजय को चिर स्थायी बनाने के लिए उन्होंने विक्रम संवत का शुभारंभ किया था, तभी से विक्रम संवत चली आ रही है। इसी दिन से महान गणितज्ञ भास्कराचार्य ने सूर्योदय से सूर्यास्त तक दिन, महीने और वर्ष की गणना करके पंचांग की रचना की थी। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का ऐतिहासिक महत्त्व भी है। स्वामी दयानंद सरस्वती ने इसी दिन आर्य समाज की स्थापना की थी। इस दिन महर्षि गौतम जयंती मनाई जाती है। इस दिन संघ संस्थापक डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार का जन्मदिवस भी मनाया जाता है।

**उत्कृष्ट काल गणनाः** सृष्टि की सर्वाधिक उत्कृष्ट काल गणना का श्रीगणेश भारतीय ऋषियों ने अति प्राचीन काल से ही कर दिया था। तदनुसार हमारे सौरमंडल की आयु लगभग चार अरब 32 करोड़ वर्ष हैं। आधुनिक विज्ञान भी कार्बन डेटिंग और हॉफ लाइफ पीरियड की सहायता से इसे लगभग चार अरब वर्ष पुराना मान रहा है। इतना ही नहीं, श्रीमद्भागवद पुराण, श्री मारकंडेय पुराण और ब्रह्म पुराण के अनुसार अभिशेत् बाराह कल्प चल रहा है और एक कल्प में एक हजार चतुरयुग होते हैं। जिस दिन सृष्टि का प्रारम्भ हुआ, वह आज ही का पवित्र दिन था। इसी कारण मदुराई के परम पावन शक्तिपीठ मीनाक्षी देवी के मंदिर में चैत्र पर्व मनाने की परंपरा बन गई। नवरात्रि के दौरान यहां भक्तों की भीड़ लगी रहती है।

**महीनों का नामकरणः** भारतीय महीनों का नामकरण भी बड़ा रोचक है अर्थात जिस महीने की पूर्णिमा जिस नक्षत्र में पड़ती है, उसी के नाम पर उस महीने का नामकरण किया गया है, उदाहरण के लिए इस महीने की पूर्णिमा चित्रा नक्षत्र में हैं, इसलिए इसे चैत्र महीने का नाम दिया गया। क्रांति वृत पर 12 महीने की सीमाएं तय करने के लिए आकाश में 30-30 अंश के 12 भाग किए गए और उनके नाम भी तारा मंडलों की आकृतियों के आधार पर रखे गए। इस प्रकार बारह राशियां बनीं। चूंकि सूर्य क्रांति मंडल के ठीक केंद्र में नहीं हैं, अतः कोणों के निकट धरती सूर्य की प्रदक्षिणा 28 दिन में कर लेती है और जब अधिक भाग वाले पक्ष में 32 दिन लगते हैं। इसलिए प्रति तीन वर्ष में एक मास अधिक हो जाता है।

**काल गणना की वैज्ञानिक व्यवस्थाः** भारतीय काल गणना इतनी वैज्ञानिक व्यवस्था है कि शताब्दियों तक एक क्षण का भी अंतर नहीं पड़ता, जबकि पश्चिमी काल गणना में वर्ष के 365.2422 दिन को 30 और 31 के हिसाब से 12 महीनों में विभक्त करते हैं। इस प्रकार प्रत्येक चार वर्ष में फरवरी महीने को लीप ईयर घोषित कर देते हैं। तब भी नौ मिनट 11 सेकंड का समय बच जाता है, तो प्रत्येक चार सौ वर्षों में भी एक दिन बढ़ाना पड़ता है, तब भी पूर्णांकन नहीं हो पाता। अभी कुछ वर्ष पूर्व ही पेरिस के अंतर्राष्ट्रीय परमाणु घड़ी को एक सेकंड धीमा कर दिया गया।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

### व्यंग्य

## राजनीति में राहु और केतु की युति




राजेंद्र बज
व्यंग्यकार


राजनीति के बारे में जो जैसा सोचे वैसा हो जाए, यह कतई जरूरी नहीं होता। होता वही है जो कि पूर्व नियोजित होता है। इसे सीधे-सीधे शब्दों में कहा जाए तो यूं कह सकते हैं कि जैसा विधि के विधान में लिखा हुआ होता है, वैसा हो जाता है। अब आप ' पूर्व नियोजित ' का अपने हिसाब से अर्थ मत लगाइएगा। दरअसल जिसकी जैसी गति होती है - उसकी वैसी ही मति हो जाती है।

आदमी लाख सोचता रहे, जरूरी नहीं कि उसकी सोच यथार्थ के धरातल पर साकार हो सके। क्योंकि यदि ऐसा होने लगता तो फिर तमाम देवी-देवताओं का क्या काम था। आदमी मजे में मन माफिक सोच पूरी करता। लेकिन नहीं, भविष्य में क्या होगा ? इसका सही-सही पता तो ब्रह्मांड के सारे ग्रह-नक्षत्रों की चाल से भी नहीं चल सकता। वास्तव में विधि के विधान का लिखा कुछ ऐसा है कि कोई घटना घटित हो जाती है, तब उसे विधि के विधान के लिखे के अनुरूप मान लिया जाता है। अच्छे-अच्छों की जन्म कुंडली पर कुंडली मारकर बैठने वाले राहु और केतु जो होते हैं, बहुत ही नटखट और शरारती हुआ करते हैं। जिसके पीछे लग जाते हैं उसे कहां का कहां पहुंचा देते हैं या कहीं का नहीं रहने देते। सामान्य जनजीवन में तो इतना नहीं, लेकिन राजनीति के मैदान में यह राहु और केतु बहुत उत्पात मचाते रहा करते हैं। जिन पर विपक्षी एकता का दारोमदार है, उनकी कुंडली में ऐसा क्या है कि उन्हें अब तक एक अच्छा सा भाषण लिखने वाला बंदा भी नहीं मिल पाया। माना कि वह बड़े घराने से ताल्लुक रखते हैं, जिसके चलते परिवार विशेष के नाम की खाने वालों के लिए सियासत में उनकी उपस्थिति को आवश्यक समझा जाता है। उनके परिवार के सारे के सारे सिपहसालार बंदे के सुर में सुर मिलाकर कलपते अंदाज में ऐसा राग अलापते है कि उनके तमाम विरोधियों की कली-कली खिल जाया करती है। बंदे ने जब-जब मुंह खोला है, बिना सिर-पैर की ऐसी सुरसुरी छेड़ी है कि बंदे की मौजूदगी अच्छे खासे मनोरंजन की गारंटी बन जाती है।

ऐसा नहीं है कि उनमें अपेक्षित योग्यता नहीं है। दरअसल कमी उनमें नहीं, उनकी कुंडली में है। जिसका निदान केवल उनकी मौन साधना ही कर सकती है। न जाने क्यों मुझे ऐसा प्रतीत होता है जैसे वे जो बोलना चाहते हैं, वैसे बोल उनके मुखारविंद से नहीं निकल पाते।

एक प्रकार से प्रथमदृष्टया ऐसा लगता है वह भावावेश में बोल रहे हैं, लेकिन वे जो कुछ भी बोलते हैं, वह राहु-केतु ही बुलवाते हैं। जिसके चलते वे अनजाने में ही अपनी खानदानी गरिमा का निरंतर ह्रास करते जा रहे हैं। व्यक्तिगत तौर पर मेरा मानना है कि यदि वह एक निश्चित कालखंड तक के लिए एकदम मौन साधना करें, तो वे भी बंद मुट्ठी में से चीज निकाल सकते हैं।

### नॉलेज कॉर्नरः कहीं अक्षत व पुष्प से पूजा-अर्चना, तो कहीं चढ़ती है पशु बलि

# नवरात्रि में मां दुर्गा के मंदिरों में अनोखी परंपरा

मां दुर्गा की आराधना के लिए नवरात्रि का समय विशेष महत्व रखता है। चैत्र नवरात्रि और शारदीय नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की आराधना की जाती है। इस साल 9 अप्रैल से चैत्र नवरात्रि का आरंभ होने जा रहा है। माता भक्तों के लिए नवरात्रि के नौ दिन खास महत्व रखते हैं। इन दिनों में व्रत रखकर मां दुर्गा की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। इसके साथ ही देशभर में स्थिति मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों वाले मंदिरों में भक्तों का तांता लग जाता है। देश में माता के कई ऐसे मंदिर हैं जहां आज भी पुराने रिवाज कायम हैं। कई मंदिरों में माता की अक्षत, पुष्प आदि से पूजा अर्चना होती है तो कहीं पर आज भी पशु बलि की परम्परा है। इस बारे में अधिक जानते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में...

#### कमां मुंडेश्वरी मंदिर में रक्तविहीन बलि

भारत में मां के कई ऐसे रहस्यमयी और चमत्कारी मंदिर हैं, जो अपने आप में प्रसिद्ध माना जाता है। ऐसे ही नवरात्रि में मां दुर्गा के अनोखे और रहस्यमयी से भरपूर एक मंदिर के बारे में बताने वाले हैं, जो अपनी चमत्कार और मान्यताओं के लिए प्रसिद्ध माना गया है। कैमूर जिले के भगवानपुर प्रखंड के पवरा पहाड़ी पर स्थित मां मुंडेश्वरी मंदिर में शारदीय नवरात्रि के अवसर पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती हैं। यहां देश ही नहीं, विदेशों से भी लोग अहिंसक बलि देखने आते हैं। मां मुंडेश्वरी बकरे की बलि रक्त



विहीन लेती हैं ऐसा पूरे विश्व में किसी भी मंदिर में नहीं होता है। यह मंदिर 535 ईसा पूर्व का बताया जाता है। कहते हैं कि मुंड नामक राक्षस का वध करने के कारण इनका नाम मां मुंडेश्वरी पड़ा जो पार्वती के रूप में है। यहां सिर्फ अक्षत फूल मारने से बकरा मूर्छित हो जाता है और मां के चरणों में गिर जाता है तो पुनः वहां के पुजारी द्वारा अक्षत फूल मारने पर वही बकरा उठ खड़ा हो जाता है, जो पूरे विश्व में ऐसा कहीं नहीं होता।

#### सिर्फ 5 घंटे में हजारों बलि

छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में स्थित निरई माता मंदिर साल में केवल एक दिन पांच घंटे के लिए खुलता है। चैत्र नवरात्रि के पहले रविवार को यहां हजारों बकरों की बलि दी जाती है। मान्यता है बलि इससे देवी मां प्रसन्न होती हैं, वहीं कई लोग मन्नत पूरी होने के बाद भेंट के रूप में पशु बलि देते हैं। निरई माता मंदिर छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिला मुख्यालय से 12 किलोमीटर दूर एक पहाड़ी पर स्थित है। यह मंदिर अंचल के देवी भक्तों की आस्था का मुख्य केंद्र है। यहां जानवरों खासकर बकरे की बलि की प्रथा आज भी जारी है। इस मंदिर में महिलाओं को प्रवेश और पूजा-पाठ की इजाजत नहीं हैं, यहां केवल पुरुष पूजा-पाठ की रीतियों को निभाते हैं। महिलाओं के लिए इस मंदिर का प्रसाद खाना वर्जित है, मान्यता है कि ऐसा करने से कुछ न कुछ अनिष्ट हो जाता है।

#### यहां महिलाओँ के प्रवेश पर पाबंदी

*बिहार में स्थित नवगछिया में मां दुर्गा मंदिर में महिलाओँ के प्रवेश पर पूरे साल पाबंदी रहती है। इस मंदिर की काफी मान्यता है। इतना ही नहीं, अष्टमी और नवमी के दिन इस मंदिर में पशुओं की बलि भी चढ़ाई जाती है। नवमी के दिन खास तौर पर भैंसों की बलि दी जाती है।*

*कंटेंटः कुलदीप सिंह जादौन*



**नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री
@narendramodi
अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण को लेकर प्रभु श्रीराम के ननिहाल छत्तीसगढ़ के साथ ही पूरा देश खुश है, लेकिन कांग्रेस और इंडी गठबंधन को यह रास नहीं आ रहा।



**भजनलाल शर्मा**, मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
उद्यमिता के लिए ऋण की गारंटी... "पीएम स्वनिधि योजना" बनी रेहड़ी-पटरी वालों के लिए संबल...



**दिया कुमारी**, उपमुख्यमंत्री, राजस्थान
@KumariDiya
देश की माताओं- बहनों की चिंता करती है मोदी सरकार।

### लोकसभा चुनाव में पीडीपी नहीं होगी कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ, मुकाबले त्रिकोणीय होने के आसार

# J&K-लद्दाख में कांग्रेस-NC में गठबंधन, तीन-तीन सीटों पर लड़ेंगे चुनाव

**एजेंसी** | नई दिल्ली

जम्मू कश्मीर में कांग्रेस व नेशनल कॉन्फ्रेंस के बीच सीट बंटवारा तय हो गया है। नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला व कांग्रेस के नेता सलमान खुर्शीद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह घोषणा की।

उमर अब्दुल्ला ने बताया कि जम्मू कश्मीर व लद्दाख को मिलाकर 6 लोकसभा सीटें होती हैं। इनमें से कांग्रेस व नेशनल कॉन्फ्रेंस तीन-तीन सीटों पर चुनाव लड़ेंगी। पीडीपी को लोकसभा चुनाव में इस गठबंधन का हिस्सा नहीं बनाया गया है और वह तीन सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर चुकी है। इसके अलावा भाजपा नीत राजग भी चुनाव मैदान में होगा। इससे साफ है कि इस केंद्र शासित प्रदेश में चुनाव में मुकाबले त्रिकोणीय होने के आसार हैं।

उमर अब्दुल्ला ने कहा कि कांग्रेस के उम्मीदवार उधमपुर, जम्मू और लद्दाख लोकसभा सीटों से चुनाव लड़ेंगे। नेशनल कॉन्फ्रेंस के उम्मीदवार अनंतनाग, बारामूला और श्रीनगर लोकसभा सीटों से चुनाव लड़ेंगे। सलमान खुर्शीद ने कहा कि हम सबने मिलकर प्रयास किया कि जल्द से जल्द गठबंधन किया जाए। यह हो गया है और सबके लिए खुशी का मौका है।



### किसके खाते में कौनसी सीट

- कांग्रेस
- उधमपुर, जम्मू और लद्दाख
- नेशनल कॉन्फ्रेंस
- अनंतनाग, बारामूला और श्रीनगर

पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती के नेतृत्व वाली पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने कश्मीर घाटी की तीन सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा की थी।

### उधमपुर-जम्मू से उम्मीदवार घोषित कर चुकी है कांग्रेस

कांग्रेस उधमपुर में चौधरी लाल सिंह और जम्मू से रमन भल्ला को पहले ही उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। नेशनल कॉन्फ्रेंस ने प्रभावशाली गुर्जर नेता मियां अल्ताफ अहमद को अनंतनाग-राजौरी से मैदान में उतारा है। उमर अब्दुल्ला का कहना है कि उनकी पार्टी जल्द ही दो अन्य सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर देगी।

### सभी छह सीटों पर जीत करेंगे सुनिश्चित

उमर ने कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस ने सीट-बंटवारे की व्यवस्था को अंतिम रूप दे दिया है, जिसके तहत पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य की छह सीटें जिनमें केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख की सीट भी शामिल है, हम सभी छह उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करेंगे।

### राजनीतिक लेन-देन की जगह सीमित थी

उमर ने पीडीपी को सीट बंटवारे से बाहर किए जाने पर कहा कि किसी राज्य या क्षेत्र में जहां हमारे पास अधिकतम छह सीटें थीं, जिनमें से तीन सीटें पहले से ही नेशनल कॉन्फ्रेंस के पास थीं। राजनीतिक लेन-देन की जगह बहुत सीमित थी। नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस ने स्पष्ट कर दिया था कि हम विधानसभा चुनावों में सीटें साझा करने का विकल्प खुला रखेंगे।

### ममता ने पीएम मोदी के वादे को लेकर कसा तंज



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चार जून के बाद भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करने के वादे का अभिप्राय है कि विपक्षी नेताओं को लोकसभा चुनाव के बाद सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा। ममता ने बांकुड़ा में एक चुनावी सभा में आरोप लगाया कि एनआईए की टीम स्थानीय पुलिस को सूचित किए बिना पूर्वी मेदिनीपुर जिले के भूपतिनगर गई थी। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री चुनावी सभा को संबोधित करने पश्चिम बंगाल आ रहे हैं. मुझे इससे कोई समस्या नहीं है, लेकिन जिस तरह से वह कह रहे हैं कि लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद भ्रष्टाचार को लेकर विपक्ष के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, वह अस्वीकार्य है। ममता बनर्जी ने कहा, क्या इस तरह प्रधानमंत्री को बात करनी चाहिए?

### हिंदू धर्म का अपमान कर रहे विपक्षी नेता

**चेन्नई।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तमिलनाडु में विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्षी गठबंधन जानबूझकर हिंदू धर्म का अपमान करने का भी आरोप लगाया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन टिकाऊ नहीं है। वो सिर्फ सत्ता पाने के लिए एक दूसरे के साथ आए हैं। सिंह ने एक चुनाव सभा को संबोधित करते हुए कहा कि डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म को म डेंगू और मलेरिया कहा था। राजनाथ सिंह ने पूछा कि क्या डीएमके को ऐसे बयानों के लिए माफी नहीं मांगनी चाहिए? उन्होंने कहा कि चुनाव शुरू होने से पहले ही इंडिया ब्लॉक के नेता आपस में लड़ रहे हैं और इससे साफ पता चलता है कि उनके बीच कोई तालमेल नहीं है।

### बस्तर में गरजे पीएम मोदी: आदिवासी वोटों को साधा

# भ्रष्टाचारियों को जेल जाना ही पड़ेगा, ये मोदी की गारंटी है

**एजेंसी** | रायपुर/जगदलपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार में बहुत ज्यादा भ्रष्टाचार हुआ। साल 2014 से पहले लाखों-करोड़ों रुपए के घोटाले हुए। दिल्ली से एक रुपए निकलता था और सिर्फ 15 पैसा ही गांव तक पहुंचता था। ये मैं नहीं कांग्रेस के ही प्रधानमंत्री ने कहा था।

कांग्रेसी भ्रष्टाचारी बचाओ रैली निकाल रहे हैं, पर वो समझ लें भ्रष्टाचारियों को जेल जाना ही पड़ेगा, ये मोदी की गारंटी है। पीएम मोदी सोमवार को छत्तीसगढ़ के बस्तर संसदीय क्षेत्र के आमाबाल में चुनाव सभा को संबोधित करते हुए पूछा कि वो कौन सा पंजा था जो 85 पैसे मार लेता था। अब हमने इस कुंजी को ही बंद कर दिया है। वर्ष 2014 से पहले कांग्रेस को लगा कि उसे लूटने का लाइसेंस मिला है। 2014 में भाजपा की सरकार बनने के बाद हमने कांग्रेस की लूट का लाइसेंस ही कैंसिल कर दिया। जब कांग्रेस की दुकान बंद हो गई और लूटने का लाइसेंस चला गया तो वो मोदी को गाली दे रहे हैं।



### मोदी का सिर फोड़ने की दे रहे हैं धमकी

राज्य की पूर्ववर्ती भूपेश सरकार पर निशाना चाहते हुए पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार पर आज कड़ी कार्रवाई हो रही है। यहां की युवाओं को जिन्होंने धोखा दिया, उनकी तेजी से जांच चल रही है। ऐसे में वो नाराज होकर लाठी से मोदी का सिर फोड़ने की धमकी दे रहे हैं। लेकिन कांग्रेसी समझ लें मोदी इन धमकियों से नहीं डरता है। वह गरीबों का बेटा है और सिर ऊंचा करके चलता है। रामनवमी बहुत दूर नहीं है।

### कांग्रेस घोषणा पत्र में मुस्लिम लीग की छाप

उन्होंने कहा कि इस बार अयोध्या में हमारे रामलला टेंट में नहीं बल्कि मंदिर में दर्शन देंगे। 500 साल बाद यह सपना पूरा हुआ तो सबसे अधिक खुशी प्रभु श्रीराम के ननिहाल छत्तीसगढ़ को हुई लेकिन कांग्रेसी और विपक्षी गठबंधन राम मंदिर बनने से बहुत नाराज हैं। कांग्रेस के शाही परिवार के राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का न्योता ठुकराने को जिन कांग्रेसियों ने गलत बताया, उन्हें पार्टी से निकाल दिया गया।

### महाराष्ट्र: चुनाव स्थिरता व अस्थिरता के बीच

पीएम नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के चंद्रपुर में एक चुनाव सभा में कहा कि यह लोकसभा चुनाव स्थिरता और अस्थिरता के बीच का चुनाव है। एक तरफ भाजपा और राजग है जिसका लक्ष्य देश के लिए कड़े और बड़े फैसले लेना है। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस और इंडी गठबंधन है, जिसका एक ही मंत्र है, जहां भी सत्ता पाओ, खूब मलाई खाओ। आज देश का दलित, पिछड़ा, आदिवासी और गरीब... मोदी सरकार को अपनी सरकार मानता है। मोदी किसी शाही परिवार में पैदा होकर प्रधानमंत्री नहीं बना।

### कांग्रेस कभी नहीं बदल सकती

मोदी ने कहा कि राजनीतिक पार्टियों का दायित्व होता है कि वो जनता की समस्याओं का समाधान करे, लेकिन कांग्रेस पार्टी खुद ही समस्याओं की जननी है। पिछले 10 वर्षों से कांग्रेस सत्ता से बाहर है। आपने राजग को पूर्ण बहुमत दिया। हमने देश की बड़ी-बड़ी समस्याओं का स्थाई इलाज किया है। कड़वे करेले को घी में तलें या शक्कर में घोलें, वो फिर भी कड़वा का कड़वा ही रहता है। ये कहावत कांग्रेस पर सटीक लागू होती है। कांग्रेस कभी नहीं बदल सकती।

### नकली शिवसेना वाले महाराष्ट्र में रैली करवाते हैं

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के सांसद भारत के एक और विभाजन की बात कर रहे हैं। इंडी गठबंधन के लोग दक्षिण भारत को अलग करने की धमकी दे रहे हैं। इस गठबंधन में शामिल डीएमके पार्टी सनातन को डेंगू-मलेरिया कह कर उसके खात्मे की बात कर रही है और नकली शिवसेना वाले उन्हीं लोगों को महाराष्ट्र में रैली करवाते हैं।

### पीएम के खिलाफ EC पहुंची कांग्रेस

## घोषणा पत्र पर PM की टिप्पणी को लेकर आपत्ति कार्रवाई की मांग

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को दिल्ली में चुनाव आयोग (ईसी) के कार्यालय पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने पार्टी के घोषणापत्र को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुस्लिम लीग वाली टिप्पणी सहित कई मुद्दों की शिकायत की और कार्रवाई की मांग की। इस प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा, पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद समेत कई लोग शामिल थे।

खुर्शीद ने कहा, हम समझते हैं कि प्रधानमंत्री को ऐसी बात कहने का कोई अधिकार नहीं है। हमने इस मामले को चुनाव आयोग के सामने रखा और उनसे विशेष आग्रह किया है कि वे इसे गंभीरता से लें और इस पर कार्रवाई करें। उन्होंने कहा, इस घोषणापत्र में मुस्लिम लीग कहां से आ गई? हम एक राष्ट्रीय पार्टी हैं। हमने स्वाधीनता संग्राम में भाग लिया, जो पीएम मोदी की पार्टी ने नहीं किया। हम पर इस तरह के आरोप लगाना दुख की बात है।

प्रधानमंत्री ने हमारे घोषणापत्र के बारे में जो कहा है, वह झूठ का पुलिंदा है। आप किसी अन्य दल के घोषणापत्र पर असहमति रख सकते हैं। आप इस पर




बहस कर सकते हैं। आप उसका विश्लेषण कर सकते हैं। लेकिन उसके घोषणापत्र के बारे में ऐसा कहना झूठ का पुलिंदा है। जबकि यह एक बहुत अच्छा घोषणापत्र लिखा गया है। वहीं, कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा, हमने कई मुद्दे उठाए। प्रधानमंत्री ने जिस तरह से हमारे घोषणापत्र को मुस्लिम लीग का दर्जा दिया हमने उस पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है।

विश्वविद्यालयों में प्रधानमंत्री के जो होर्डिंग्स लगे हैं, उस पर भी हमने अपनी बात रखी है। भाजपा के त्रिवेंद्रम के उम्मीदवार राजीव चंद्रशेखर के हलफनामे के विषय में भी हमने अपनी बात रखी है। हलफनामे में कई त्रुटियां हैं। जानबूझकर गलतियां की गई हैं।

खेड़ा ने कहा, जिन यूट्यूब चैनल को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय बिना बताए बंद कर रहा है, यह उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं है। चूंकि चुनाव घोषित किए जा चुके हैं।

### हरियाणा: चौधरी बीरेंद्र सिंह ने भाजपा छोड़ी

## पत्नी के साथ कांग्रेस में होंगे शामिल

**एजेंसी** | चंडीगढ़/नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव 2024 के बीच हरियाणा में भाजपा को बड़ा झटका लगा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने सोमवार को कहा कि उन्होंने भाजपा छोड़ दी है और वह कांग्रेस में शामिल होंगे। इससे करीब एक महीने पहले उनके बेटे बृजेन्द्र सिंह भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए थे। बीरेंद्र सिंह की पत्नी और पूर्व विधायक प्रेम लता ने भी भाजपा छोड़ दी है। प्रेम लता 2014-2019 तक विधायक रही थीं। बीरेंद्र सिंह ने दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मैंने भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। अपना त्याग



पत्र पार्टी प्रमुख जेपी नड्डा को भेज दिया है। मेरी पत्नी प्रेम लता ने भी पार्टी छोड़ दी है। मंगलवार को हम कांग्रेस में शामिल होंगे।

### हरियाणा में आप व कांग्रेस में है गठबंधन

हरियाणा में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने गठबंधन किया है। दोनों विपक्षी गठबंधन इंडिया का हिस्सा हैं और हरियाणा में गठबंधन के तहत चुनाव लड़ेंगे। दोनों पार्टियों के बीच हुए समझौते के मुताबिक आप कुरुक्षेत्र में चुनाव लड़ेगी जबकि कांग्रेस राज्य की बाकी नौ सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

### कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए थे बीरेंद्र सिंह

बीरेंद्र सिंह कांग्रेस के साथ चार दशक से अधिक समय पुराने रिश्ते को तोड़कर लगभग 10 साल पहले भाजपा में शामिल हुए थे। उनके बेटे बृजेन्द्र के 10 मार्च को कांग्रेस में शामिल होने के बाद ऐसी अटकलें थीं कि बीरेंद्र सिंह भी कांग्रेस में शामिल होंगे।

### विपक्षी नेताओं पर कार्रवाई को लेकर कसा तंज

## पीएम मोदी का रुख अब बदल गया: पवार

**एजेंसी** | पुणे

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के अध्यक्ष शरद पवार ने उनकी उंगली पकड़कर राजनीति में आने संबंधी नरेंद्र मोदी के 2016 के बयान का जिक्र करते हुए सोमवार को कहा कि अब प्रधानमंत्री का अलग रुख है।

उन्होंने व्यक्तिगत हमले करने और अलग विचारधारा वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने करे लेकर प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा। पवार ने महाराष्ट्र के पुणे जिले में बारामती लोकसभा क्षेत्र में एक सभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। ज्ञात रहे



कि बारामती में शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले का मुकाबला अजित पवार की पत्नी और एनसीपी(अजित) उम्मीदवार सुनेत्रा पवार से है।

पवार ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के मामलों का हवाला देते हुए कहा कि अगर कोई व्यक्तिगत आलोचना करता है या अलग रुख अपनाता है तो उसे जेल में डाल दिया जाता है। पवार ने कहा कि क्या यही लोकतंत्र है? नहीं, यह तानाशाही है।

### पवार का दावा: यह कहा था मोदी ने

एक दिन उन्होंने(पीएम) मुझसे कहा कि वह बारामती आना चाहते हैं। उस समय उन्होंने अपने भाषण में कहा था कि पवार साहब ने मेरी उंगली पकड़ी थी और मैंने अब तक जो भी (विकास) कार्य किए हैं, उन्होंने ही मुझे सिखाए थे।

### सुप्रिया सुले के समर्थन में की अपील

शरद पवार ने अपनी बेटी और बारामती से मौजूदा सांसद सुप्रिया सुले के समर्थन में कहा कि उन्हें इस सीट से उनकी पार्टी की उम्मीदवार के बारे में बात करने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि संसद उनके बारे में बोलती है। सुप्रिया का नाम उन तीन सांसदों में शामिल है, जिन्होंने 90 फीसदी उपस्थिति के साथ बेहतरीन काम किया है।

### राहुल गांधी ने आदिवासियों को लेकर भाजपा को घेरा, कहा...

# 90 अफसर चलाते हैं हिंदुस्तान... आदिवासी है एक... नहीं है पूरी भागीदारी

**एजेंसी** | शहडोल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मध्य प्रदेश के जबलपुर में रोड शो के एक दिन बाद सोमवार को मध्य प्रदेश के चुनावी दौरे पर पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आदिवासियों पर अत्याचार को लेकर भाजपा को घेरा। उन्होंने भाषण की शुरुआत में ही आदिवासी बनाम वनवासी का जिक्र छेड़ा।

उन्होंने दोनों शब्दों का अर्थ बताते हुए कहा कि हम आपको आदिवासी मानते हैं। आपका जल, जंगल और जमीन पर पहला हक है। जबकि वनवासी शब्द के पीछे एक विचारधारा है। उन्होंने सीधी पेशाब कांड का जिक्र कर कहा कि भाजपा नेता आदिवासियों को अपमानित करने का काम करते हैं। राहुल गांधी ने सोमवार को राज्य के सिवनी और शहडोल जिले में जनसभाओं को संबोधित करते हुए यह बात की। उन्हेंने बालाघाट संसदीय क्षेत्र से अपने चुनाव अभियान का शुभारंभ किया।

उन्होंने अपने संबोधन के माध्यम से आदिवासी मतों को साधने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान को 90 अफसर चलाते हैं। इन 90 अफसरों में से एक अफसर आदिवासी है। आपकी आबादी 8 प्रतिशत है, मगर देश में भागीदारी नहीं है। अगर बजट में 100 रुपया खर्च होता है,




तो आदिवासी अफसर 10 पैसे का निर्णय लेता है। हमारी लड़ाई यही है। हम पेसा कानून लाए, जमीन अधिग्रहण बिल लाए, आपको आपका अधिकार दिलाने के लिए हम ये बिल लाए। राहुल गांधी ने छठी अनसूची लागू करने और आदिवासी कल्याण का बजट दोगुना करने का वादा किया है। उन्होंने कहा, छठी अनुसूची लागू होने के बाद आदिवासी अपने यहां के निर्णय खुद लेंगे।

### शिक्षा के निजीकरण पर उठाए सवाल

राहुल गांधी ने कहा, युवाओं को न रोजगार मिलता है और न ही उचित शिक्षा। कहते हैं बैंक लोन लो और रोजगार करो। राहुल गांधी ने शिक्षा के निजीकरण पर भी सवाल उठाए। जीएसटी और उद्योगपतियों के प्रति उदारीकरण की नीति पर भी सवाल उठाए है। सरकार सारे संस्थान अंबानी और अदाणी जैसे चंद उद्योगपतियों को सौंपती जा रही है, उनके लाखों करोड़ रुपए के लोन माफ कर दिए, लेकिन किसानों और छोटे व्यापारियों को कोई राहत नहीं दी। हम चाहते हैं, उनके कर्ज माफ हों तो आम लोगों को भी राहत मिलनी चाहिए।

### संविदा नियुक्ति बंद होंगी, स्कॉलरशिप दोगुनी करेंगे

राहुल गांधी ने कहा, संविदा नियुक्ति बंद कर स्थायी नौकरीनौकरी दी जाएंगी। कांग्रेस की सरकार बनने के एक साल में आदिवासियों को पूरा हक दिया जाएगा। एससी, एसटी और ओबीसी के छात्रों की स्कॉलरशिप दोगुनी करेंगे।

### 22 अरबपतियों को और अमीर बना रहे मोदी

राहुल गांधी बोले-मोदी देश के दो-तीन अरबपतियों के लिए काम करते हैं। उनकी सरकार में 22 लोग अरबपति बने। इनके पास जितना धन है, उतना देश के 70 करोड़ लोगों के पास नहीं है। कांग्रेस किसान, दलित, आदिवासी, गरीब, वंचितों की बात करती है। यह चुनाव दो विधारधारा की लड़ाई है। राहुल गांधी ने पेपर लीक के खिलाफ सख्त कानून बनाने का वादा किया।

### हर युवा को रोजगार और पेपर लीक पर कड़ा कानून

राहुल गांधी ने कहा, अमीर परिवार के बच्चे नौकरी से पहले अलग-अलग कंपनियों में ट्रेनिंग करते हैं। इसके लिए पैसे भी मिलते हैं। हम मनरेगा की तरह नया कानून बनाएंगे, जिसमें हिंदुस्तान के हर युवा को एक साल की अप्रेंटिस और एक लाख रुपए दिया जाएगा। राहुल गांधी सिवनी के धनौरा गांव में एक जनसभा में आदिवासियों को इस देश और उनकी धरती का प्रथम निवासी कहा।

## जरूरी खबर

### के. कविता की अंतरिम जमानत की मांग खारिज



**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने सोमवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता के कविता की अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी। बीआरएस नेता ने अपने नाबालिग बेटे की स्कूल परीक्षाओं के आधार पर अंतरिम जमानत मांगी थी। इस मामले में ईडी की रिमांड के बाद से वह न्यायिक हिरासत में हैं। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि उन्हें अंतरिम जमानत देने का यह सही समय नहीं है। कविता ने अंतरिम जमानत के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाया था और कहा था कि उनके 16 वर्षीय बेटे की परीक्षाएं हैं।

### ...तो चुनाव से पहले कई लोग जेल में होंगे: SC

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के आरोपी एक यूट्यूबर की जमानत बहाल कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट के आदेश को पलट दिया, जिसे चुनौती दी गई थी। न्यायाधीश अभय एस ओका और न्यायाधीश उज्जल भुइयां की पीठ ने यूट्यूबर ए. दुरईमुरुगन सत्ताई की जमानत रद्द करने के हाईकोर्ट के आदेश को रद्द कर दिया। न्यायाधीश ओका ने कहा कि अगर चुनाव से पहले, हम यूट्यूब पर आरोप लगाने वाले सभी लोगों को जेल में डालना शुरू करेंगे, तो आप कल्पना कर सकते हैं कि कितने लोगों को जेल होगी।

### J&K में आतंकी हमला, टैक्सी चालक घायल

**श्रीनगर।** दक्षिण कश्मीर के शोपियां में सोमवार को एक आतंकी हमले में दिल्ली से विदेशी पर्यटकों को लेकर आया टैक्सी चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पर्यटक पूरी तरह सुरक्षित हैं। आतंकियों को पकड़ने के लिए सुरक्षाबलों ने घटनास्थल के आस पास के इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया है। संदेह है कि यह हमला लश्कर ए तैयबा का हिट स्क्वाड कहे जाने वाले संगठन द रजिस्टेंस फ्रंट टीआरएफ के आतंकियों ने किया है। इस हमले को स्थानीय लोगों को चुनाव प्रक्रिया से दूर रखने और कश्मीर में आ रहे पर्यटकों में डर का माहौल बनाए रखने के आतंकी षड्यंत्र का हिस्सा माना जा रहा है।

## ग्रीस के सैन्य प्रमुख भारत के दौरे पर



*नई दिल्ली। ग्रीस के सेना प्रमुख जनरल दिमित्रियोस चैपिस भारत की यात्रा पर हैं। रविवार को उन्होंने नई दिल्ली में साउथ ब्लॉक लॉन में स्ट्राइकर-सर्विस गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। उन्होंने भारत के सीडीएस जनरल अनिल चौहान से मुलाकात की। ग्रीस के सैन्य प्रमुख की इस यात्रा को बहुत ही अहम माना जा रहा है। इससे दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग बढ़ने की उम्मीद है।*

### प्रमोद कृष्णम ने चुनाव घोषणा पत्र पर कांग्रेस को घेरा



**नई दिल्ली।** कांग्रेस से निष्कासित नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने एक बार फिर कांग्रेस पर हमला बोला है। उन्होंने इस बार कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र को लेकर पार्टी को घेरा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का घोषणा पत्र को पढ़कर लगता है कि जिन्ना अभी जिंदा है। ज्ञात रहे कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा था कि कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र पर मुस्लिम लीग की छाप है।

ज्ञात रहे कि हाल ही में अनुशासनहीनता और पार्टी के खिलाफ बयानबाजी को लेकर आचार्य प्रमोद कृष्णम को 6 साल के लिए कांग्रेस से निष्कासित कर दिया गया था। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने राम मंदिर को लेकर भाजपा का समर्थन किया था। वे 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में भी शामिल हुए थे।

ओवरहेड ट्रांसमिशन लाइनों को भूमिगत करने पर नए सिरे से होगा विचार

# गोडावण के संरक्षण के लिए अब सुप्रीम कोर्ट ने गठित की समिति

**एजेंसी** | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान और गुजरात में लुप्तप्राय पक्षी गोडावण (ग्रेट इंडियन बस्टर्ड) के संरक्षण और नवीकरणीय ऊर्जा के बुनियादी ढांचे के बीच संतुलन के उपाय सुझाने के लिए एक समिति का गठन करते हुए कहा है कि जलवायु परिवर्तन की अनिश्चितताओं से अप्रभावित स्वच्छ पर्यावरण के बिना जीवन का अधिकार पूरी तरह प्रभावी नहीं होता। शीर्ष अदालत ने यह फैसला ग्रेट इंडियन बस्टर्ड की सुरक्षा के लिए वन्यजीव कार्यकर्ता एमके रंजीत सिंह और अन्य की याचिका पर सुनाया है। शीर्ष अदालत ने अप्रैल, 2021 के अपने पहले के आदेश को वापस ले लिया, जिसके तहत दोनों राज्यों में 80 हजार वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में ओवरहेड पारेषण (ट्रांसमिशन) लाइनों को भूमिगत किया जाना था।



प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पार्डीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि उच्च वोल्टेज और कम वोल्टेज वाली विद्युत लाइनों को भूमिगत करने के लिए दिए गए आदेश पर नए सिरे से विचार की आवश्यकता है।

पीठ ने अपने 21 मार्च के आदेश में एक विशेषज्ञ समिति का गठन करने को कहा था। समिति को सौर ऊर्जा उत्पादन को सुविधाजनक बनाने के लिए पारेषण लाइनों की स्थापना के क्षेत्र में भी काम करना होगा। पीठ ने कहा कि जलवायु परिवर्तन समानता के अधिकार की संवैधानिक गारंटी को प्रभावित कर सकता है। जलवायु परिवर्तन की अनिश्चितताओं से स्थिर और अप्रभावित स्वच्छ पर्यावरण के बिना जीवन का अधिकार पूरी तरह से साकार नहीं होता।

### राजस्थान और गुजरात में पाया जाता है गोडावण

ग्रेट इंडियन बस्टर्ड विशेष रूप से राजस्थान और गुजरात में पाई जाती हैं और उनकी संख्या में चिंताजनक कमी का कारण उनके निवास स्थान के पास सौर ऊर्जा संयंत्रों सहित ओवरहेड पारेषण लाइनों से उनका अक्सर टकराना है। शीर्ष अदालत ने कहा कि कई नागरिकों के लिए विश्वसनीय बिजली आपूर्ति की कमी न केवल आर्थिक विकास में बाधा डालती है, बल्कि महिलाओं एवं कम आय वाले परिवारों सहित समुदायों को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करती है, जिससे असमानताएं और बढ़ती हैं।

राहत कोष जारी न करने का मामला

# केंद्र और राज्य सरकार के बीच न हो प्रतिस्पर्धा

**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्र के सूखा राहत कोष जारी ना करने को लेकर कर्नाटक सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कर्नाटक सरकार की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के बीच कोई प्रतिस्पर्धा नहीं होनी चाहिए। इस मामले में कर्नाटक सरकार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से दो हफ्ते में जवाब मांगा है।

याचिका में दावा किया गया है कि केंद्र सरकार ने कर्नाटक के कई जिलों में सूखे को देखते हुए राज्य को वित्तीय सहायता नहीं दी है। साथ ही धनराशि जारी न करने से राज्य के लोगों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन हुआ है, इसलिए सरकार को अदालत का दरवाजा खटखटाने के लिए मजबूर होना पड़ा।

राज्य ने यह भी तर्क दिया कि केंद्र सरकार ने सूखे से संबंधित आपदा पर एक अंतर-मंत्रालयी टीम की रिपोर्ट पर लगभग छह महीने तक कोई कार्रवाई नहीं की और एनडीआरएफ की कार्रवाई को रोकने के कारण स्थिति और खराब हो गई है।

### यह कहा कर्नाटक सरकार ने

कर्नाटक सरकार की तरफ से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने बताया कि केंद्र सरकार को रिपोर्ट मिलने के एक महीने के अंदर उस पर फैसला लेना चाहिए था। जवाब में, केंद्र सरकार ने इस बात पर सवाल उठाया कि रिपोर्ट पर फैसला लेने का समय ठीक नहीं है, क्योंकि लोकसभा चुनाव सिर्फ 11 दिन दूर हैं। केंद्र का कहना था कि राज्य सरकार को शीर्ष अदालत जाने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार से बात कर लेनी चाहिए थी।

चुनाव आयोग के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन

# TMC नेताओं को लिया हिरासत में

**एजेंसी** | नई दिल्ली

लोकसभा चुनावों को लेकर तेज हुई सरगर्मी के बीच राजधानी दिल्ली में सीबीआई, एनआईए, ईडी, और आयकर विभाग के प्रमुखों को बदलने की मांग को लेकर चुनाव आयोग कार्यालय के बाहर सोमवार को धरने पर बैठे टीएमसी के नेताओं को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया।

तृणमूल कांग्रेस के 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने अपनी मांग को लेकर दबाव बनाने के लिए निर्वाचन आयोग (ईसी) की पूर्ण पीठ से मिलने के बाद धरने की घोषणा की थी। इसके बाद



टीएमसी नेताओं ने चुनाव आयोग कार्यालय के बाहर धरना दिया।

जिन्हें पुलिस ने हटाने की कोशिश की। पुलिस ने सांसद डेरेक ओ'ब्रायन, मोहम्मद नदीमुल हक, डोला सेन, साकेत गोखले और सागरिका घोष, विधायक विवेक गुप्ता, पूर्व सांसद अर्पिता घोष, शांतनु सेन और अबीर रंजन विश्वास और पार्टी की छात्र शाखा पश्चिम बंगाल के उपाध्यक्ष सुदीप राहा को हिरासत में ले लिया।

इससे पहले प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग से मुलाकात की और पश्चिम बंगाल में केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का मुद्दा उठाया। तृणमूल कांग्रेस आरोप लगा रही है कि केंद्रीय जांच एजेंसियां भाजपा नीत केंद्र सरकार के इशारे पर विपक्षी दलों को निशाना बना रही हैं।

वहीं, टीएमसी ने केंद्रीय एजेंसियों और भाजपा के बीच एक सांठगांठ का आरोप भी लगाया।

ईशा अंबानी ने किया स्तन कैंसर पर पुस्तक का विमोचन, कहा...

# जागरूकता वाला हर कदम आशा की किरण

**एजेंसी** | मुंबई

ईशा अंबानी पीरामल ने स्तन स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता बढ़ाने वाली एक अनूठी पुस्तक, बीइंग ब्रेस्ट-अवेयर: व्हाट एवरी वुमन मस्ट नो का विमोचन किया। इस पुस्तक को सर एचएन रिलायंस फाउंडेशन अस्पताल के डॉ. विजय हरिभक्ति लेकर आए हैं। स्तन कैंसर पर हॉस्पिटल ने एक वैश्विक सम्मेलन 'इंडिया ब्रेस्ट मीटिंग 2024' आयोजित किया था। पुस्तक का विमोचन सम्मेलन के दौरान किया गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की निदेशक ईशा अंबानी पीरामल ने



कहा कि स्तन कैंसर के खिलाफ लड़ाई में जागरुकता बढ़ाने वाला हर एक कदम और सहायता के लिए बढ़ा हर एक हाथ, रोगियों और उनके परिवारों के लिए आशा की किरण बनकर आता है। 'इंडिया ब्रेस्ट मीटिंग 2024' में हमनें दुनिया भर के विशेषज्ञों और उनके अनुभवों को एक साथ लाने का प्रयास किया है। हमें उम्मीद है कि इससे स्तन कैंसर के रोगियों के लिए देखभाल का दायरा और उपचार की गुणवत्ता बढ़ेगी। महिलाओं को होने वाले कैंसर में स्तन कैंसर सबसे अधिक प्रभावित करता है। स्तन कैंसर पर चिकित्सिय जानकारी देने, उसकी रोकथाम, शीघ्र पता लगाने और बेहतर देखभाल में यह पुस्तक मदद करेगी।

अयोध्या: 500 साल बाद मनेगा राम जन्मोत्सव

# उल्लास में डूबी रामनगरी, आज से शुरू होंगे बधाई गान और अनुष्ठान

■ 17 अप्रैल को रामलला का होगा सूर्य तिलक, सज रहा है राम मंदिर

**एजेंसी** | अयोध्या

अयोध्या में मंगलवार को नवरात्र स्थापना के साथ ही रामजन्मोत्सव की तैयारियों व उल्लास डूब जाएगी। करीब 500 साल बाद यहां राममंदिर में रामलला का जन्मोत्सव मनाया जाने वाला है। इसलिए इस बार उत्सव अलौकिक व भव्य होगा।

रामनगरी के आठ हजार मठ-मंदिरों में बधाई गान व विविध अनुष्ठान मंगलवार से शुरू हो जाएंगे। रामलला के दरबार में नौ दिनों तक शास्त्रीय गायक बधाई गान और भजन सुनाएंगे। 17 अप्रैल को रामनवमी का खास आकर्षण रामलला का सूर्य तिलक होगा।

इस दिन दोपहर में ठीक 12 बजे सूर्य की किरणें रामलला के मस्तक पर पड़ेंगी, जिससे उनका सूर्य तिलक होगा।पूरी अयोध्या पर हेलिकॉप्टर से पुष्पवर्षा होगी। मंदिर को 50 क्विंटल फूलों से सजाया रहा है। कनकभवन की भी सजावट 50 किलो फूल से होगी। हनुमानगढ़ी को भी सुंदरता प्रदान की जाएगी।



### चार मिनट तक होगा सूर्य तिलक

रामलला के मुख पर सूर्य की किरणें करीब चार मिनट तक रहेंगी। यह गोलाकार सूर्य तिलक 75 मिमी का होगा। फिलहाल, वैज्ञानिक रामलला का सूर्य तिलक करने की तैयारी में जुटे हैं। इसके लिए राम मंदिर में उपकरण लगाए जा रहे हैं, जल्द ही इसका ट्रायल भी किया जाएगा।

### खादी से निर्मित विशेष वस्त्र धारण करेंगे प्रभु

सूत्रों के अनुसार रामलला चैत्र प्रतिपदा से रामनवमी तक खादी से निर्मित विशेष वस्त्र धारण करेंगे। इन पर सोने व चांदी की हस्त-छपाई की गई है। छपाई में इस्तेमाल किए हुए सभी चिह्न वैष्णव पद्धति के हैं। रामलला दिन के अनुसार कपड़े पहनते हैं। इसलिए अलग-अलग रंगों के कपड़े उनके लिए तैयार किए जा रहे हैं।

### एक लाख भक्तों ने लगाई सरयू में डुबकी

रामनवमी मेले के लिए श्रद्धालुओं का आगमन भी शुरू हो गया है। सोमवार को चैत्र अमावस्या पर एक लाख भक्तों ने सरयू स्नान कर नागेश्वरनाथ महादेव का पूजन किया। इसके बाद भक्तों ने रामलला व हनुमानगढ़ी में हाजिरी लगाई। जिन भक्तों को होटल धर्मशाला में जगह नहीं मिल रही है वे अपने गुरु स्थानों में शरण ले रहे हैं।

### श्रद्धालुओं के लिए जर्मन हैंगर

श्रद्धालुओं को गर्मी से बचाने के लिए श्रीरामजन्मभूमि पथ पर 600 मीटर में जर्मन हैंगर लगाया जा रहा है। तेज धूप में श्रद्धालुओं के पांव न जलें इसलिए रामजन्मभूमि पथ से लेकर रामजन्मभूमि परिसर तक जूट की कारपेट बिछाई जा रही है। इसके अलावा 50 से ज्यादा स्थानों पर पीने का पानी और ओआरएस पाउडर का इंतजाम किया जा रहा है।

### घर बैठे रामजन्मोत्सव के साक्षी बन सकेंगे

रामनवमी के अवसर पर राममंदिर में लाखों की संख्या में श्रद्धालु आ सकते हैं। जो भक्त राममंदिर नहीं पहुंच पाएंगे, उनके लिए प्रसार भारती कार्यक्रम का सीधा प्रसारण करेगी। शहर में सौ से ज्यादा एलईडी टीवी लगाई जा रही हैं। लाइव प्रसारण के माध्यम से भक्त घर बैठे रामलला के जन्मोत्सव के साक्षी बन सकेंगे।

**कार्यक्रम:** जवाहर कला केन्द्र के स्थापना दिवस समारोह में कलाकारों ने मचाई धूम

# कला प्रेमी लोक संगीत से हुए सराबोर

## कलाकारों ने बिखेरे लोक संस्कृति के रंग

**बेधड़क.जयपुर।** प्रदेश के सबसे बड़े कला एवं सांस्कृतिक केन्द्र जवाहर कला केन्द्र की स्थापना के 31 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सोमवार को कला प्रेमियों में खासा उत्साह देखा गया। केन्द्र की ओर से आयोजित स्थापना दिवस समारोह के दूसरे दिन विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें कलाकारों ने लोक संगीत की मधुरता फिजा में घोली वहीं लोक संस्कृति के रंग बिखेरे। अलंकार दीर्घा में केन्द्र के 31 वर्षों के सफर को तस्वीरों के जरिए बयां किया गया तो स्फटिक गैलरी में केन्द्र के कला संग्रह ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। लोक नृत्य कार्यशाला के समापन में प्रतिभागियों ने गुरु के सबक को मंच पर जाहिर करते हुए गणगौर व घूमर नृत्य की प्रस्तुति दी। लोक सांस्कृतिक संध्या में प्रसिद्ध लोक गायिका सीमा मिश्रा और गाजी खान बरणा एवं समूह के मांगणियार कलाकारों ने राजस्थानी लोक संगीत की मधुरता फिजां में घोली।





### सीमा मिश्रा और गाजी खान ने की जुगलबंदी

शाम को लोक गायिका सीमा मिश्रा ने अपने पारंपरिक लोक गायन और गाजी खान बरणा ने मांगणियार शैली गायन में जुगलबंदी कर श्रोताओं को एक अविस्मरणीय प्रस्तुति का अनुभव दिया। घूमर के साथ उन्होंने इस सुरीले सफर की शुरुआत की। 'आलीजा बेगा आई जो', 'मैं तो रमवा ने आई सा', 'टूटे बाजूबंद री लूम' सरीखे लोक गीतों के साथ दोनों ने मधुरता घोली। इसके बाद वाद्य यंत्रों की धुनों ने अपना जादू चलाया। खड़ताल-ढोलक और मोरचंग की जुगलबंदी ने सभी को रोमांचित कर दिया। 'दमादम मस्त कलंदर' और 'छाप तिलक' गीत पर सभी झूमते नजर आए। ढोलक पर महेंद्र शर्मा, पवन डांगी, जस्सू खान, तबले पर सावन डांगी, की-बोर्ड पर हेमंत डांगी, ऑक्टोपैड पर वसीम खान, भंवरू खान लंगा ने सिंधी सारंगी, धानू खान ने खड़ताल, मोरचंग, भपंग व दर्रे खान ने गायन के साथ हारमोनियम पर संगत की।

### गणगौर और घूमर नृत्य ने मन मोहा

डॉ. रूप सिंह शेखावत के निर्देशन में हुई लोक नृत्य कार्यशाला का समापन समारोह कृष्णायन सभागार में आयोजित किया गया। पारंपरिक वेशभूषा में तैयार 25 से अधिक प्रतिभागियों ने गणगौर के अवसर पर होने वाले नृत्य से प्रस्तुति की शुरुआत की। सभागार में ईसर और गणगौर की प्रतिमा भी विराजमान की गई, जिसके समक्ष 'भंवर म्हाने पूजन दो गणगौर', 'हटीला हट छोड़ो' गीत पर नृत्य कर सभी ने लोक संस्कृति के सौंदर्य से सराबोर कर दिया। नृत्य निर्देशक डॉ. रूप सिंह शेखावत एवं सहायक प्रशिक्षक गुलशन सोनी भी इस दौरान मौजूद रहे। मुन्ना लाल भाट ने गायन किया व ढोलक पर विजेन्द्र सिंह राठौड़, तबले पर विजय बानेट ने संगत की। केन्द्र की अति. महानिदेशक प्रियंका जोधावत ने कलाकारों की हौसला अफजाई की।

## पीटीएम में पारिवारिक पूजन



**बेधड़क. जयपुर।** जैन पाठशाला जनकपुरी के विद्यार्थियों की अनोखी पीटीएम रविवार को पारिवारिक पूजन भक्ति के साथ संपन्न हुई। पाठशाला के मुख्य संयोजक पदम जैन बिलाला ने बताया कि इस संस्कारित पीटीएम के एक अलग तरह के कार्यक्रम में 94 विद्यार्थियों की सहभागिता रही। इसमें विद्यार्थियों को शिक्षक शिखर चंद जैन व किरण जैन द्वारा बोर्ड पर पूजन की थाली सजाना स्वस्तिक बनाना आदि सिखाते हुए अष्ट द्रव्य के बारे में बताया व द्रव्य को समर्पित करने के तरीके समझाए। बालक बालिकाओं द्वारा देव शास्त्र गुरु की पूजन झूमते गाते भक्ति भाव के साथ की गई। पाठशाला संयोजक राजेंद्र ठोलिया ने बताया कि सभी बच्चों को पारितोषिक दिए गए। महासभा के अध्यक्ष प्रदीप जैन लाला व महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने कहा कि नई पीढ़ी को संस्कार प्रदान करने के कार्य के लिए शिक्षक-अभिभावक और संयोजक साधुवाद के पात्र हैं।

## ध्वजा वितरण कार्यक्रम आज से

**बेधड़क. जयपुर।** सर्व समाज हिंदू महासभा की ओर से चैत्र नवरात्र और नव संवत्सर के उपलक्ष्य में 9 अप्रैल से ध्वजा वितरण एवं समाज एकीकरण कार्यक्रम का आयोजन का किया जाएगा। सर्वसमाज हिंदू महासभा के संस्थापक अध्यक्ष चंद्रप्रकाश अग्रवाल ने बताया कि 17 अप्रैल तक चलने वाले इस कार्यक्रम के दौरान हिंदू महासभा द्वारा शत प्रतिशत मतदान की अपील भी की जाएगी।

## मुरलीपुरा में 11 स्थानों पर हवन



**बेधड़क. जयपुर।** गृहे-गृहे गायत्री उपासना अभियान के अंतर्गत सद्कर्म और सद्ज्ञान का संदेश देने के उद्देश्य से गायत्री चेतना केन्द्र मुरलीपुरा और गायत्री शक्तिपीठ कालवाड़ की ओर से मुरलीपुरा में ग्यारह स्थानों पर गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक सुदेश शर्मा ने बताया कि विकास नगर विस्तार स्थित राधा कृष्ण मंदिर में यजमान आचार्य वरण हुआ। कार्यकर्ताओं की टोली ने मुरलीपुरा स्कीम, नांगल जैसा बोहरा और विकास नगर के अलग-अलग स्थानों पर यज्ञ करवाया। सभी यजमानों के यहां देव स्थापना करवाकर नित्य प्रति गायत्री उपासना का संकल्प करवाया गया। यजमानों को आचार्य महेन्द्र मिझा वैदिक शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान मांग्यावास मानसरोवर की ओर से पक्षियों के लिए पंरिडे भेंट किए गए। संस्थान के सचिव अनिल शर्मा ने बताया कि संस्थान की ओर से परिंडों का निशुल्क वितरण किया जाएगा।

# City इवेंट्स

## दिनेश अध्यक्ष और अजय बने महामंत्री



**चाकसू (जयपुर)।** श्री दिगंबर जैन मंदिर बालवाड़ी चाकसू की प्रबंध कार्यकारिणी के निर्विरोध हुए चुनाव में दिनेश गंगवाल तामड़िया अध्यक्ष और अजय गंगवाल चाकसू महामंत्री चुने गए। चुनाव अधिकारी चंद्रशेखर शर्मा, वरिष्ठ अध्यापक निमोडिया ने बताया कि उपाध्यक्ष राजेंद्र बिलाला आकोडिया, मंत्री अमित सौगाणी, कोषाध्यक्ष पवन गंगवाल, स्टोर प्रभारी राजेंद्र सोनी एवं कार्यकारिणी सदस्य चंद्रप्रकाश बिलाला, अभिनंदन गंगवाल, शुभम काला, आशीष सोनी, आर्यन सोगानी निर्वाचित हुए। अशोक गंगवाल रूपाहेडी एवं अशोक सोगानी को संरक्षक मनोनीत किया। रूपाहेडी ने चुनाव अधिकारी चंद्रशेखर शर्मा का सम्मान किया। चुनाव अधिकारी चंद्रशेखर शर्मा ने शपथ ग्रहण करवाई।

## फागोत्सव में चतुर्वेदी एप लॉन्च



**चाकसू (जयपुर)।** झोटवाड़ा में चतुर्वेदी समाज का होली मिलन समारोह 'फाग उत्सव' के रूप में मनाया गया, जिसमें कलाकारों ने होली गायन की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में चतुर्वेदी एप लॉन्च किया गया। यह एप समाज के लोगों जोड़े रखने, समाज से जुड़ी सूचनाओं के आदान-प्रदान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। विशिष्ट शैली के होली गायन के अलावा यहां समाज के कई विद्वानों ने कविता पाठ भी किया। श्री माथुर चतुर्वेदी युवा सभा के अध्यक्ष सुनील चतुर्वेदी और अंशुमान चतुर्वेदी ने बताया कि इस कार्यक्रम में ढोलक वादन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। होली गायन, कवित्त और कविता गायन, ढोलक वादन आदि में भाग लेने वालों का सम्मान किया गया।

## गणगौर की बिंदोरी निकाली



**चाकसू (जयपुर)।** गणगौर क्लब की महिलाओं की ओर से गणगौर का सिंजार मनाया व बिंदोरी निकली गई। क्लब की अध्यक्ष क्रांति शर्मा ने बताया के क्लब की सखी महिलाओं ने भगवान शंकर-पार्वती के रूप में ईसर-गणगौर का पूजन किया और अपने सुहाग की लंबी उम्र की कामना की। महिलाओं ने 16 श्रृंगार कर नृत्य किया। ईसर-गणगौर की बिंदोरी केजीबी के रास्ते से बड़ी धूमधाम से निकाली गई। महिलाओं ने पुष्पवर्षा कर बिंदोरी का स्वागत किया गया। क्लब की महिलाओं ने बताया के पीहर में आकर गणगौर पूजन करने वाली नव विवाहितों अथवा शीघ्र वैवाहिक जीवन में बंधने वाली युवतियों ने सिंजारा मनाया।

**विश्व स्वास्थ्य दिवस पर गोष्ठी का आयोजन**

# खान-पान तथा उचित जीवन जीने के लिए आयुर्वेद महत्वपूर्ण



**बेधड़क | जयपुर**

'भारत को निरोगी बनाना राष्ट्र निर्माण का पहला विषय है। इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने खान-पान तथा उचित जीवन जीने की कला में आयुर्वेद को महत्त्व देना होगा।'

यह विचार पिंजरापोल गौशाला स्थित वैदिक औषधीय वन केंद्र में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं ने रखे। हैनिमन चेरिटेबल मिशन सोसाइटी की सचिव मोनिका गुप्ता ने बताया कि सम्पूर्ण विश्व में बीमारियां घर-घर प्रवेश कर गई हैं, ऐसे में भारतीय औषधियों को समझना अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुख्य वक्ता ऑर्गेनिक फार्मर प्रोड्यूसर एसोसिएशन ऑफ इंडिया के चेयरमैन डॉ. अतुल गुप्ता ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें अपने जीवन में गेहूं के स्थान पर जौ और मिल्लेट्स को प्रमुखता से भोजन में अपनाना होगा। पिछले 100 वर्षों में यूरिया, केमिकल के उपयोग से बीमारियां इस कदर हावी हो चुकी हैं कि तन के साथ मन भी असाध्य बीमारियों का घर बन गया है। कार्यक्रम में महाराष्ट्र से जीवन अशोक धामणे, नरोत्तमभाई रामचंद्र तम्बोली, चंदूलाल जगन्नाथ चौधरी, उत्तर प्रदेश से उमेश कुमार रावत तथा अंकित आचार्य, बिहार से रितु गुप्ता, जयपुर से संगीता गौड़, निर्मला पवार, सीमा गर्ग, रजनी शर्मा ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। कार्यकम में स्वास्थ्य की दृष्टि से राष्ट्र निर्माण में भूमिका रखने वाले प्रतिभागियों का प्रशस्ति पत्र के साथ सम्मान किया गया।

**चतुर्थ संस्करण:** खिलाड़ियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया

# डीपीटीएल ट्रायल संपन्न, 14 को किया जाएगा मेगा ऑक्शन



**बेधड़क | जयपुर**

अक्षत चतुर्थ संस्करण डीपीटीएल के ट्रायल में खिलाड़ियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। लीग चेयरमैन डॉ. जयंत सेन ने बताया कि अब खिलाड़ियों का मेगा ऑक्शन 14 अप्रैल को होटल निर्बाना पैलेस में होगा। डीपीटीएल पेट्रन डॉ. संदीप निझावन ने बताया कि सीनियर वर्ग में ट्रायल में डॉ. आधार माथुर का आइकॉन कैटेगरी, डॉ. हर्षित और डॉ. अर्चना देसाई, डॉ. अमन शुक्ला का प्रीमियम कैटेगरी, डॉ. शुभम सैनी, डॉ. विपुल यादव का प्लैटिनम केटेगरी, डॉ. लोकेश छबलानी और डॉ. दीपेंद्र का एमेराल्ड कैटेगरी में चयन हुआ। लीग सचिव डॉ. अनिल यादव ने बताया कि इस संस्करण में ट्राइओ चैंपियनशिप का आयोजन भी किया जाएगा। लीग कोऑर्डिनेटर डॉ. दीपाली पाठक ने बताया कि जूनियर वर्ग में प्रखर गुप्ता का आइकॉन कैटेगरी, डॉ. सात्विक जैन प्रीमियम केटेगरी और हर्ष इंद्रा का चयन प्लैटिनम केटेगरी में हुआ। लीग कोचेयरमैन डॉ. हरीश भारद्वाज ने बताया कि चतुर्थ संस्करण डीपीटीएल वर्ष पुरुष वर्ग में सोलह टीमें और जूनियर वर्ग में पांच टीमें भाग लेंगी। लीग चयनकर्ता डॉ. दीपक गुप्ता और डॉ. सचिन खटटर ने बताया कि इस वर्ष प्रतियोगिता में दबंग/मलंग जोड़ी और एकल प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। कोर्डिनेटर डॉ. ओम मील व डॉ. दीपक सैनी ने बताया कि डीपीटीएल में छह से ग्यारह वर्ष के वर्ग के बच्चों के लिए ओपन सिंगलस और डबल्स टेनिस प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा।

**विरासत** आमेर में जीवंत हुआ गोपीचंद भर्तृहरि का पारंपरिक तमाशा

# रंगीला शंभू गौरां न ले पधारो प्यारा पावणा... गूंजा

**बेधड़क | जयपुर**

चैत्र की अमावस्या के दिन आमेर के अंबकेशवर महादेव मंदिर प्रांगण मे 250 वर्ष की पर्व की पारंपरिक शैली जीवंत हो उठी। अवसर था परंपरा नाट्य समिति और अंबिकेश्वर तमाशा समिति द्वारा स्व. बंशीधर जी भट्ट रचित तमाशा गोपीचंद भर्तृहरी का तमाशा को दिलीप भट्ट के निर्देशन में भट्ट परिवार के कलाकारों ने सुंदर सुरीली गायकी का परिचय दिया। तमाशा गोपीचंद भर्तृहरी में यह बताया गया कि मां अपने बेटे को अमर बनाने के लिए सब कुछ त्याग करके तपस्या की ओर राजा का जाना, जिसमें त्याग, बलिदान, तपस्या, शिक्षा, दीक्षा, भिक्षा जीवन उपदेश, गुरु दीक्षा इन बातों को शास्त्रीय रागों में पिरोकर के दिलीप भट्ट ने अपने पिता स्व. गोपी जी भट्ट की विरासत को सुरीले अंदाज में पेश किया।



### रोचक ढंग से पेश की बंदिशें

तमाशे में जो रागों का समावेश किया जिनमें प्रमुख पहाड़ी भोपाली, आसावरी, जौनपुरी, मालकोंस, बिहाग, केदार, पीलु बरवा, सिंधकाफी, वृंदावनी सारंग, भैरव, भैरवी रागों में पेश किया। इसमें 'सुमरूं शरद मात, गणेश मोपे कृपा करो हमेस और ज्ञानी राजा गोपी चंद पाटम दे के संग' गाया। यह तमाशा राग रागिनियो पर केंद्रित है। दिलीप भट्ट ने तमाशे की बन्दिशों को बड़े रोचक ढंग से पेश किया।

### इस बार हनुमान चालीसा का भी किया पाठ

तमाशे में दिलीप भट्ट के साथ डॉ. सौरभ भट्ट, सचिन भट्ट, हर्ष भट्ट, गोपेश भट्ट, विशाल भट्ट ने साथ दिया। संगतकारों में तबले पर शैलेंद्र शर्मा, हरमोनियम पर शेर खान एवं शरद भट्ट, सारंगी पर मनोहर महावार, फिरदोश खान रहे। तमाशे के बाद दिलीप भट्ट द्वारा गणगौर गायकी भी पेश की, जिसमे बंशीधर जी भट्ट की रचना 'रंगीला शंभू गौरां न ले पधारो प्यारा पावणा, काले भुजंग सिर धरे इक जोगी आया है।' इस बार तमाशे के बाद युवा लोगों ने हनुमान चालीसा का भी पाठ किया। तमाशा प्रबंधकारिणी समिति आमेर के ललित पारीक ने सभी का आभार व्यक्त किया। तमाशे की वेशभूषा विजय लक्ष्मी भट्ट, कुमकुम भट्ट ने संभाली।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

# न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, मंगलवार, 09 अप्रैल, 2024





अच्छी नीयत से किया गया काम कभी व्यर्थ नहीं जाता, और उसका फल आपको ज़रूर मिलता है।
**विनायक शर्मा**, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### इजराइली सेना ने दक्षिणी गाजा पट्टी बुलाए अपने सैनिक

# हमास के आखिरी गढ़ रफह में घुसने की तैयारी में इजराइल



**एजेंसी** | यरुशलम

इजराइल और हमास के बीच बीते छह महीनों से जंग जारी है। इस बीच इजराइल की सेना ने बड़ा कदम उठाया है। इजराइल सेना ने कहा है कि उसने गाजा के दक्षिणी शहर खान यूनुस से अपने सैनिक वापस बुलाए हैं। इसमें कहा गया है कि इजराइल की सेना ने खान यूनुस में हमास के लड़ाकों के खिलाफ जमीनी हमले के अपने चरण को पूरा कर लिया है। इसके बाद सैनिकों को वापस बुलाया गया है। इस बीच इजराइल के रक्षा अधिकारियों ने कहा कि सैनिकों को खान यूनुस से बुलाकर एकत्रित किया जा रहा है क्योंकि सेना हमास के आखिरी गढ़ रफह में घुसने की तैयारी कर रही है।

### 'जंग रुकने वाली नहीं'

सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल हर्जी हलेवी ने कहा कि गाजा में जंग जारी है और हम अभी रुकने नहीं वाले हैं। स्थानीय प्रसारक ने बताया कि इजराइल रफह को खाली कराने की तैयारी कर रहा है और इस प्रक्रिया में कई महीने लग सकते हैं। सैन्य अधिकारियों ने कहा कि अभियानों को जारी रखने के लिए गाजा में अच्छी खासी संख्या में सैनिक रहेंगे। इनमें हमास के गढ़ और समूह के नेता याह्या सिनवार का गृहनगर खान यूनुस भी शामिल है।

### अमेरिका ने विरोध किया

इजराइल रफह के आसपास जमीनी हमला करने की बात कई हफ्तों से कह रहा है। वहां 14 लाख आबादी रह रही है। इसका इजराइल के शीर्ष सहयोगी अमेरिका ने विरोध किया है। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा प्रवक्ता जॉन किर्बी ने रफह हमले पर अमेरिका के विरोध को दोहराया और कहा कि अमेरिका का मानना है कि इजराइल के सैनिकों की आंशिक वापसी वास्तव में इन सैनिकों के आराम के लिए है जो चार महीने से जमीन पर हैं।

### यात्रियों से भरी हुई नाव लहरों की चपेट में आने से हुई अनियंत्रित

# मोजाम्बिक में नाव पलटी 91 लोगों की हुई मौत

**एजेंसी** | मापुटो

दक्षिण-पश्चिम अफ्रीकी देश मोजाम्बिक के उत्तरी तट पर यात्रियों से भरी एक नाव पानी में डूब गई। इसमें 90 से अधिक लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने कहा कि यह मछली पकड़ने वाली नाव थी, जिसे लोगों के परिवहन के लिए परिवर्तित किया जा रहा था। ये दुर्घटना तब हुई जब नाव नामपुला प्रांत के पास एक द्वीप तक पहुंचने की कोशिश करते समय लहरों की चपेट में आने के बाद नियंत्रण से बाहर हो गई। इस हादसे में कई बच्चे भी शामिल थे। राज्य सचिव जेमी नेटो के हवाले से बताते हुए कहा कि नाव यात्रियों को ले जाने के लिए नहीं बनाई गई थी और उसमें क्षमता से ज्यादा लोग सवार थे। इसके कारण नाव डूब गई और इस हादसे में 91 लोगों की मौत हो गई है, जिनमें कई बच्चे भी शामिल हैं। बचाव दल अब तक पांच लोगों को जिंदा बचाने में सफल रहा है और अन्य की तलाश जारी है। समुद्र में उठ रही लहरों के कारण बचाव कार्य में काफी दिक्कतों का सामना भी करना पड़ रहा है। नेटो ने कहा कि अधिकांश यात्री हैजा के बारे में दुष्प्रचार के कारण फैली दहशत से भागने की कोशिश कर रहे थे।



### दुर्घटना के कारण की जांच की जा रही

नामपुला राज्य सचिव नेटो ने मामले को लेकर कहा कि इस नाव दुर्घटना के कारण की जांच की जा रही है। बचाए गए 5 लोगों में से दो को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है। इस हादसे के वक्त नाव मोजाम्बिक द्वीप की ओर जा रही थी। यह एक छोटा मूंगा द्वीप है, जो पूर्वी अफ्रीका में पुर्तगाली शासन के दौरान राजधानी हुआ करता था। इस द्वीप के नाम पर ही इस देश का नाम रखा गया है।

### महामारी से जूझ रहा है मोजाम्बिक

नेटो ने बताया कि अधिकांश यात्री वे थे, जो कालरा के बारे में फैली दहशत के चलते मुख्य भूमि से भागने की कोशिश कर रहे थे। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, दुनिया के सबसे गरीब देशों में शामिल मोजाम्बिक में अक्टूबर से अब तक खराब पानी के चलते बीमारी से लगभग 15,000 मामले और 32 मौतें दर्ज की गई हैं। नामपुला प्रांत इसमें सबसे ज्यादा प्रभावित है। एक तिहाई मामले अकेले यहीं से सामने आए हैं। हाल के महीनों में नामपुला में पड़ोसी प्रांस काबो डेलगाडो से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे हैं, जो जिहादी हमलों के चलते भाग रहे हैं।

### 10 लाख लोगों ने छोड़ा घर

लगभग दो-तिहाई आबादी गरीबी में रहने के कारण देश ने 2010 में काबो डेलगाडो में खोजे गए विशाल प्राकृतिक गैस भंडार से बहुत उम्मीदें लगाई हैं, लेकिन 2017 से इस्लामिक स्टेट समूह से जुड़े आतंकवादियों द्वारा छेड़े गए विद्रोह ने प्रगति को रोक दिया है। लड़ाई शुरू होने के बाद से 5,000 से अधिक लोग मारे गए हैं और लगभग 10 लाख लोग अपने घरों से भागने को मजबूर हुए हैं।

### पाकिस्तानी अस्पताल के ICU में मौत से लड़ रहा है मौत से जंग

# हाफिज को 'अज्ञात' ने खिलाया जहर!

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान में आतंकी हाफिज सईद को जहर दिए जाने की बात सामने आ रही है। उसे अज्ञात लोगों ने खाने में जहर दे दिया। खाने के कुछ देर बाद उसे खून की उल्टी हुई। हालत बिगड़ने पर उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज आईसीयू में चल रहा है। सोशल मीडिया के एक्स प्लेटफॉर्म पर हाफिज सईद ट्रेंड कर रहा है। हालांकि अभी तक इस खबर की अधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। हाफिज सईद को जहर दिए जाने की खबर ऐसे मौके पर आई है, जब ब्रिटिश अखबार ने पाक में करीब 20 आतंकियों की टारगेट किलिंग में भारत का हाथ होने का दावा किया है। वहीं, पीएम नरेंद्र मोदी भी कह चुके हैं कि अब भारत वह देश नहीं जो अपने दुश्मनों को बिरयानी खिलाए। हम भारत घर में घुसकर मारता है। वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का बयान भी पाक में सुर्खियों में है। राजनाथ सिंह ने कहा था कि भारत का दुश्मन यदि पाक की तरफ भागेगा तो हम घुसकर मारेंगे।



### हाफिज आतंक का मास्टरमाइंड

हाफिज सईद 12 फरवरी 2020 से 78 साल की सजा काट रहा है। उसे अब तक टेरर फंडिंग के सात मामलों में पाकिस्तानी अदालतों से दोषी साबित किया गया है। भारत की जांच एजेंसियां भी उसे कई मामलों में तलाश रही हैं। हाफिज सईद को दिसंबर 2008 में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1267 अल कायदा प्रतिबंध समिति ने वैश्विक आतंकी घोषित किया गया था। हाफिज सईद मूलत: पाकिस्तान के पंजाब प्रांत का रहने वाला है। उस पर 1980 और 1990 के दशक में कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप है। वह पाकिस्तान स्थित आतंकवादी समूह लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का नेतृत्व करता है। इसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, यूरोपीय संघ, ऑस्ट्रेलिया और रूस द्वारा एक आतंकवादी समूह के रूप में नामित किया गया है।

### मुंबई हमले का मास्टरमाइंड

हाफिज सईद एनआईए मोस्ट वांटेड में लिस्ट में शामिल है। 2008 के मुंबई हमलों का उसे मास्टमाइंड कहा जाता है। इस हमले में 166 लोग मारे गए थे। अप्रैल 2012 में संयुक्त राज्य अमेरिका ने मुंबई हमलों में भूमिका के लिए सईद पर 10 मिलियन अमेरिकी डॉलर का इनाम रखा था। भारत ने पाकिस्तान से उसे सौंपने की मांग की थी, हालांकि दोनों देशों के बीच कोई प्रत्यर्पण समझौता नहीं है। जुलाई 2019 में फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स पाकिस्तान की कार्य योजना की समीक्षा करने वाली थी, लेकिन इससे तीन महीने पहले ही सईद को पाकिस्तानी अधिकारियों ने गिरफ्तार कर लिया।

# लद्दाख के पास चीन का नया एयरबेस

**एजेंसी** | बीजिंग

लद्दाख में जारी गतिरोध के बीच चीन सीमा पर लगातार इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत कर रहा है। हाल में ही खुलासा हुआ है कि चीन ने लद्दाख के नजदीक होटान एयरबेस पर एक नए रनवे को बनाकर ऑपरेशनल कर दिया है। यह एयरबेस लद्दाख के पास चीन के हवाई ऑपरेशन को मजबूत करेगा। चीन ने पहले से ही इस एयरबेस पर कई लड़ाकू विमानों और एयर डिफेंस सिस्टम को तैनात किया हुआ है। चीन ने इस एक्स्ट्रा रनवे का निर्माण कार्य 2020 में गलवान हिंसा के तुरंत बाद शुरू किया था। इस झड़प में भारत के 20 जवान शहीद हुए थे। वहीं, चीन के लगभग 40 जवान मारे गए थे।

ओपन सोर्स एनॉलिस्ट डेमियन साइमन ने होटान एयरबेस की एक सैटेलाइट तस्वीर शेयर कर लिखा कि निर्माण शुरू होने के लगभग 4 साल बाद, होटान एयरबेस पर दूसरा रनवे अब चालू हो गया है, जो लद्दाख के पास चीन के हवाई संचालन का समर्थन करने में महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी बताया कि इस साइट पर परिचालन क्षमता और प्रभावकारिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ढांचागत सुधार किया गया है।








सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।